


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



नए साल की खुशहाल...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 06 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 17 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कांग्रेस का दूसरा नाम भ्रष्टाचार, कमीशन, जातिवाद

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बोले: ये भाई को भाई से लड़ाते हैं

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज कर्नाटक के दौरे पर है। कर्नाटक के तुमकुरु में उन्होंने शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का दूसरा नाम भ्रष्टाचार, कमीशन, जातिवाद है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा मिशन सेवा करना है और इनका मिशन कमीशन लेना है। ये भाई को भाई से लड़ाते हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति करती थी। वे लोगों को जातियों और क्षेत्रों में बांटते थे। उन्होंने जातिवाद और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दिया। इसके साथ ही उन्होंने साफ कह दिया कि बीजेपी की राजनीति में जातिवाद और वंशवाद की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। नड्डा ने कहा कि हमने जो वादा किया था, उसे पूरा किया। कर्नाटक की भाजपा सरकार ने राज्य के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम भाई को भाई से लड़ाना, जिले को जिले से लड़ाना, प्रदेश को प्रदेश से लड़ाना, हर छोटी–बड़ी बात को बढ़ाने का काम कांग्रेस पार्टी करती है। जातिवाद को बढ़ावा देना, वंशवाद को प्रतिपादित करना,





> नड्डा ने कहा कि हमने जो वादा किया था, उसे पूरा किया। कर्नाटक की भाजपा सरकार ने राज्य के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है...

परिवारवाद को बढ़ाना, तुष्टिकरण को आगे बढ़ाना, कांग्रेस पार्टी यही काम करती रही है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं आपसे शसक्षम बूथश बनाने का आग्रह करता हूं और समाज के हर वर्ग को इसका हिस्सा बनना चाहिए। यदि आप समाज को एक करना चाहते हैं, तो हमें शटिफिन मीटिंगश आयोजित करनी चाहिए, जहाँ हम एक दूसरे के घर का खाना खा सकें और एक हो सकें। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जबसे प्रधानमंत्री मोदी जी आए हैं, राजनीति से परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद समाप्त हुआ है। मोदी जी ने षसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासष इस मंत्र के साथ सबको आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम रिपोर्ट कार्ड लेकर चलते हैं, हमने जो काम कहे थे, किए हैं विकास के नए आयाम लिखे हैं, कर्नाटक को आगे बढ़ाने में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमारे पास एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था है।

## हल्द्वानी अतिक्रमण केस: 50 हजार परिवार को राहत

### तोड़फोड़ पर एससी की रोक, उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी

हल्द्वानी । 29 एकड़ जमीन खाली करने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इसके साथ ही उत्तराखंड सरकार को नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण और तोड़फोड़ पर रोक लगा दी है। कोर्ट की तरफ से सभी पक्षों को एक महीने का वक्त दिया गया है। इस एक महीने के दौरान सभी पक्ष अपने–अपने जवाब सौपेंगे। 7 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। वहां के लोगों ने कोर्ट के फैसले का तालियां बजाकर स्वागत किया है। उच्चतम न्यायालय हल्द्वानी में रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने रेलवे अधिकारियों द्वारा सात अप्रैल, 2021 की कथित सीमांकन रिपोर्ट पर विचार नहीं करने की गंभीर त्रुटि की है।''



## जम्मू–कश्मीर में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए मोदी सरकार का मेगा प्लान

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में नये साल की शुरुआत ही आतंकवादी हमले से होने के चलते केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के सरकारी दावों पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। खासतौर पर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले हिंदू अल्पसंख्यकों के मन में भय व्याप्त हुआ है जिसको देखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा को और बढ़ाने का अहम निर्णय लिया है। हम आपको बता दें कि जम्मू में सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ में अल्पसंख्यक क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (ब्त्च्थ्) के दो हजार से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''राजौरी और पुंछ जिलों में सुरक्षा मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में सीआरपीएफ की 20 से अधिक कंपनियों को तैनात किया जा रहा है जिनमें दो हजार से अधिक जवान शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के महानिरीक्षक और अन्य शीर्ष अधिकारी जवानों की तैनाती की निगरानी कर रहे हैं। इस बीच, राजौरी के उपायुक्त विकास कुंडल ने बुधवार को दोहरे आतंकवादी हमलों में घायल हुए आठ लोगों को एक–एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल का दौरा किया और वहां इलाज करा रहे घायलों का हालचाल पूछा। हम आपको बता दें कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहले हमलों में मारे गए लोगों के परिवारों को 10–10 लाख रुपये और घायलों को एक–एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी। कुंडल ने घायलों से बातचीत की और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता भी व्यक्त की। उन्होंने उन्हें प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग और सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अस्पताल के कर्मियों को घायलों को हर संभव इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस बीच, राजौरी के जिस डांगरी गांव में हिंदुओं को निशाना बनाया गया था वहां के लोगों ने अब अपनी सुरक्षा खुद करने की तैयारी भी कर ली है। स्थानीय लोगों की प्रशासन से मांग है कि युवाओं को हथियारों का प्रशिक्षण दिया जाये ताकि जरूरत पड़ने पर वह आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें। उधर, राजौरी में हुई इस घटना के विरोध में कश्मीर घाटी में भी जनाक्रोश देखने को मिला। राजौरी में हत्याओं के खिलाफ स्थानीय लोगों ने राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि यदि सरकार और स्थानीय प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहा है तो यह हैरत की बात है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भाजपा वाले बात तो पीओके को वापस लाने की करते हैं लेकिन यहां के कश्मीर के हालात को नहीं संभाल पा रहे हैं।



## भाजपा और संघ की 'विभाजनकारी' विचारधारा से मुकाबले का जरिया है 'भारत जोड़ो यात्रा' : कांग्रेस

### रमेश ने कहा, "देश में इस वक्त दो विचारधाराओं के बीच सीधी टक्कर

शामली। कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जाने वाली अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 'विभाजनकारी' विचारधारा से मुकाबले का जरिया करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह यात्रा कोई 'इवेंट' नहीं, बल्कि एक'मूवमेंट' है, जो जारी रहेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान शामली के ऊंचा गांव में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, "यह चुनाव जिताऊ यात्रा नहीं है, यह भारत को जोड़ने की यात्रा है। पहली बार कांग्रेस ने विचारधाराओं के मुकाबले को पहचाना है। हमें विचारधारा की जो जंग कई साल पहले लड़नी थी आज हम इस स्थिति में हैं कि हम कह सकते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से हम विचारधारा के मुकाबले में उतरे हैं।" रमेश ने कहा, "देश में इस वक्त दो विचारधाराओं के बीच सीधी टक्कर है। एक भाजपा और संघ की विचारधारा है और दूसरी कांग्रेस की विचारधारा है।" उन्होंने कहा, "इस यात्रा से कांग्रेस संगठन में नयी ऊर्जा पैदा हुई है। यह संगठन के लिए एक संजीवनी है। 'भारत जोड़ो यात्रा' कोई इवेंट नहीं है। यह एक मूवमेंट है, जो चलता रहेगा। यह यात्रा वोट के लिए नहीं निकाली जा रही है।" रमेश ने कहा, "चुनावों पर इस यात्रा का क्या असर होगा, यह मैं नहीं कह सकता। चुनावी राजनीति अलग है। वह हमारे संगठन पर निर्भर करता है। आरएसएस की 'विभाजनकारी' सोच का जहर हमारे समाज में हर कोने में पहुंच गया है।" उन्होंने कहा, "पिछले 10 वर्षों में अनेकता में एकता की भावना को दबाने की जो कोशिश की गई है, उसे विफल करने के लिए पांच साल, 10 साल, 15 साल तक लगेंगे। हम इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे।" पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रेडियो पर प्रसारित किए जाने वाले प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम पर कटाक्ष करते हुए कहा, "भारत जोड़ो यात्रा, मन की बात की यात्रा नहीं है। इसमें राहुल गांधी बोलते कम हैं और सुनते ज्यादा हैं।" उन्होंने कहा, "भारत जोड़ो यात्रा भाषणबाजी का मौका नहीं है। समाज के अलग–अलग वर्ग–किसान, दलित, आदिवासी, महिलाएं, युवा और पूर्व सैनिक यात्रा के दौरान राहुल से मिलते हैं। उनके साथ पदयात्रा करते हैं। दोपहर में उनके साथ बैठक की जाती है। आज भी दो बैठकें होंगी। कल भी दो बैठकें हुई थीं। यह यात्रा जनता की चिंताएं समझने के लिए निकाली गई है।





## Rahul Gandhi on Agniveer: बंदूक पकड़े 4 साल रहें, फिर आपको बाहर निकाल देंगे, अग्निवीरों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर बवाल





उत्तर प्रदेश के बागपत में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अग्निवीर की सेना में भर्ती को लेकर दिए गए बयान पर विवाद खड़ा हो गया। बागपत में विवादित बयान देते हुए राहुल गांधी ने कहा, श्सरकार 4 साल तक जवानों के हाथ में हथियार देगी और फिर 4 साल बाद जवानों को बाहर कर देगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह बयान बागपत के बड़ौत में नुक्कड़ सभा में सेना भर्ती की अग्निपथ योजना पर बोलते हुए दिया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पहले युवा 15 साल सेना में नौकरी करते थे और पेंशन पाते थे लेकिन नरेंद्र मोदी ने सोचा कि पेंशन को अलग रखा जाए, 6 महीने ट्रेन करें, बंदूक पकड़ें, 4 साल रहें, फिर आपको बाहर निकाल देंगे और आप बेरोजगार हो जाएंगे।


## पुंछ और राजौरी में सुरक्षाबलों की तैनाती, महबूबा मुफ्ती का सवाल– अगर हालात ठीक तो और फौज क्यों ला रही भाजपा ?

श्रीनगर। हाल में ही जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कर दिए गए हैं। जम्मू के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ में सीआरपीएफ के 2000 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक राजौरी और पुंछ जिलों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया गया है। अब इसको लेकर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर ही सवाल उठा दिया है। अपने बयान में महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यहां और सुरक्षा बल लाने से मसला तो हल नहीं होगा बल्कि यहां पर दो भाइयों को आपस में लड़ाने की स्थिति बन जाएगी। महबूबा मुफ्ती सवाल खड़े करते हुए कहा कि अगर हालात ठीक है तो भाजपा यहां पर और फौज क्यों ला रही है? उन्होंने साफ कहा कि इसका यही मतलब है कि बीजेपी यहां की स्थिति को कंट्रोल करने में पूरी तरह नाकामयाब हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि राजौरी और पुंछ जिलों में सुरक्षा मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में सीआरपीएफ की 20 से अधिक कंपनियों को तैनात किया जा रहा है जिनमें दो हजार से अधिक जवान शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के महानिरीक्षक और अन्य शीर्ष अधिकारी जवानों की तैनाती की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की तैनाती जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसा राजौरी और पुंछ में अल्पसंख्यक क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है।



## दिल्ली एनसीआर में भूकंप के तेज झटके, जम्मू कश्मीर की धरती भी हिली

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आसपास के पूरे इलाके में आया है। सबसे पहले जम्मू कश्मीर में 7:57 मिनट पर भूंकप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान और आसपास के इलाकों में भी भूंकप के झटके महसूस किए गए हैं। इस्लामाबाद, लाहौर और उसके आसपास के इलाकों में भी झटके महसूस किए गए हैं।









## वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव पर बोलीं ममता, यह बंगाल में नहीं, बिहार में हुआ, गलत खबर फैलाने वालों के खिलाफ करेंगे कानूनी कार्रवाई

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही हावड़ा–न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के कुछ दिन बाद ही पश्चिम बंगाल के मालदा में ट्रेन पर पथराव के खबर सामने आई। उसके बाद से पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की जबरदस्त तरीके से आलोचना हो रही है। भारतीय जनता पार्टी भी ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर हमलावर है और पूरे घटना की एनआईएसे जांच कराने की मांग कर रही है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस लगातार इसे साजिश बता रही है। इन सबके बीच ममता बनर्जी ने पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वंदे भारत ट्रेन पर पथराव बंगाल में नहीं बल्कि बिहार में किया गया है। इससे पहले ममता बनर्जी से बुधवार को भी इससे जुड़ा सवाल पूछा गया था। लेकिन उन्होंने कहा था कि मैं गंगासागर मेले में जा रही हूं। अच्छे मूड में हूं। उस पर सवाल मत पूछिए। लेकिन आज ममता बनर्जी ने पूरे घटनाक्रम पर तोड़ी चुप्पी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में नहीं, बिहार में वंदे भारत पर पथराव किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य को बदनाम करने के लिए गलत खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। ममता ने कहा कि वंदे भारत कुछ और नहीं बल्कि एक पुरानी ट्रेन है जिसे नए इंजन के साथ नया रूप दिया गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि मालदा शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर कुमारगंज रेलवे स्टेशन के पास सोमवार शाम हुई इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। कुमारगंज क्षेत्र पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एफएफआर) के कटिहार डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में आता है। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार को शाम करीब पांच बजकर 10 मिनट पर हुई और ट्रेन को बीच रास्ते में नहीं रोका गया। यह मालदा टाउन रेलवे स्टेशन पर अपने तय कार्यक्रम के तहत ही रुकी। ट्रेन के सी–3 और सी–6 पर पत्थरबाजी के निशान मिले थे। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि 2019 में सीएए के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल लोग ट्रेन पर हुए पथराव में संलिप्त थे।



file:///C:/Users/S.../AppData/Local/Temp/Rar$DIa3032.47741/10.jpeg



# गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन में 13 स्थानों पर डाले जाएंगे वोट

बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 5 खण्ड स्नातक एवं 6 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 हेतु कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। विधान परिषद के गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह का कार्यकाल 12 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है। जिस कारण होने वाली रिक्ति को भरने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम का निधारण कर दिया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि विधान परिषद के गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्वाचन की अधिसूचना 05 जनवरी 2023 को जारी होगी तथा नाम–निर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 12 जनवरी 2023 है। जबकि नाम–निर्देशनों की जांच का कार्य 13 जनवरी 2023, नाम वापसी के लिए अन्तिम तिथि 16 जनवरी 2023 निधारित की गयी है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान 30 जनवरी 2023 को प्रातः 08:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक तथा मतगणना का कार्य 02 फरवरी 2023 को होगा। निर्वाचन प्रक्रिया 04 फरवरी 2023 तक पूर्ण कर ली जायेगी।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन अन्तर्गत जनपद के मतदान केन्द्रों पर कुल 7912 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान केन्द्र क्षेत्र पंचायत भवन मिहींपुरवा के सभागार में 1133, नवाबगंज में 302, शिवपुर में 590, रिसिया में 547, फखरपुर में 263, जरवल में 231, पयागपुर में 823, क्षेत्र पंचायत भवन विशेश्वरगंज के सभागार में 349, नगर पालिका परिषद बहराइच के सभागार 998, तहसील कार्यालय भवन नानपारा में 584, तहसील भवन महसी में 770, तहसील सदर बहराइच के सभागार में 685 तथा तहसील कैसरगंज के सभागार में 637 मतदाता वोट डाल सकेंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, नानपारा अजित परेस, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, महसी राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर दिनेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर पूजा यादव, अधिशाषी अधि. नगर पालिका परिषद बाल मुकुन्द मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, शिखा श्रीवास्तव, भारतीय जनता पार्टी के श्रवण कुमार शुक्ला, समाजवादी पार्टी के जफरउल्लाह खा बंटी, बहुजन समाज पार्टी के सुखराम प्रजापति, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्स) सै. महमूद अली कादरी, राष्ट्रवादी नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी राजेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय लोकदल डॉ अजीम उल्लाह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# लोकपाल की जांच में मिली अनियमितता, बिना मिट्टी पटाई के निकाला पैसा

बहराइच ।लोकपाल की जांच में ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से किए गए लाखों रुपयों के घोटाले की पोल खुलने लगी है ।पुरानी सडक पर मिट्टी पटाई दिखाकर लाखों रुपए का भुगतान कराने का मामला जांच में मिला है। नाली निर्माण में भी रास्ते के उखाड़े गए खड़ंजे की पुरानी ईंट का इस्तेमाल मिला है। जिले के जरवल विकासखंड के ग्राम पंचायत जरवल देहात के विकास कार्यों में ग्राम पंचायत प्रधान और सचिव द्वारा लाखों रुपए के अनियमितता की शिकायत गांव निवासी रऊफ ने मनरेगा लोकपाल से की थी ।इस शिकायत पर मनरेगा लोकपाल उमेश तिवारी ने पहुंचकर बिन्दुवार जांच शुरू कर दी है। लोकपाल की जांच में लखनऊ बहराइच मार्ग से चकपुरवा रोड तक सड़क पर मिट्टी पटाई कार्य नहीं मिला है। प्रधान और सेक्रेटरी की मिलीभगत से सडक पर मिट्टी पटाई कार्य दिखाकर फर्जी बाऊचर लगाकर भुगतान कर लिया गया है ।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के नाली निर्माण में अनियमितता मिली है ।अधूरी नाली बनाकर सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान कर लिया गया है। नाली निर्माण में ग्राम पंचायत में लगे खड़ण्जे की पुरानी ईंटें उखाडकर नीचे नींव में लगाकर नयी ईंट का भुगतान करा लिया गया है। लखनऊ बहराइच हाइवे से आसिफ के खेत तक 120 मीटर सड़क पर मिट्टी पटाई दिखाकर भी पैसा निकाल लिया गया है ।ज्ञात हो कि अली रजा के घर से रोज अली के घर तक 47 मीटर इण्टर लाकिंग कार्य मे पुरानी ईंट उखाड़कर गायब कर दी गयी है ।मनरेगा लोकपाल उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि गांव में 13 बिन्दुओं पर अनियमितता की शिकायत मिली थी ।जांच में मिट्टी पटाई कार्य,इण्टर लाकिंग और नाली निर्माण में अनियमितता मिली है ।अभिलेखों का मिलान करने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# आज भाजपा कार्यालय पर होगी स्नातक चुनाव को लेकर बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भाजपा कार्यालय अटल भवन पर 6 जनवरी को



जिलास्तरीय स्नातक चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया जायेगा इसको लेकर पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों की बैठक हुई इस दौरान चुनाव संयोजक डॉ अजय सिंह पिंकू, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरूण सिंह, रवि कुमार मिश्रा, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, मंजू तिवारी, सह संयोजक अंशुमान शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य संदीप उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# सरकार पिछड़े वर्ग के साथ–साथ समाज के सभी वर्गों के हित के लिए प्रतिबद्ध: प्रदीप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि भाजपा राजनीतिक सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं,बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। भाजपा और भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा–बसपा कांग्रेस ने पिछड़े, दलितों,शोषित,पीड़ित,वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा–बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनवे तथा उनके कुछ चाहते लोगो तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। लेकिन सपा अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है।



उन्होने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव के बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है। बिहार सरकार ने पिछड़े वर्ग के हितो की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिये। तब खुद को राष्ट्रीय पार्टी का मुखिया कहने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुप क्यों थे। कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास की नीति है। जबकि अखिलेश यादव की नीति अपने परिवार और अपने रिश्तेदारों के विकास तक सीमित है। उन्होंने कहा कि सपा–बसपा तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठ,भ्रम व फरेब की अपनी परम्परागत राजनीति से सत्ता प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए हैं। लेकिन जनता इनकी हकीकत जान चुकी है। उत्तर प्रदेश नू भूला है,ना भूलेगा। अखिलेश यादव सरकार में पिछड़ों व अनुसूचित वर्ग का दमन तथा परिवारवाद, जातिवाद व तुष्टीकरण की घिनौनी राजनीति का सच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया। इसका ही परिणाम है कि समाज में यह भाव जागृत हुआ है कि अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों से पार पाकर भारत का प्रधानमंत्री बन सकता है और देश को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकता है। उक्त अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री एवं जनपद प्रभारी त्रयंबक तिवारी, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस उपस्थित रहे।

# मन चेतना दिवस पर मेगा कैंप का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मन चेतना



दिवस के तहत मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक रोग के बारे में चिकित्सकों ने मौजूद लोगों को विस्तृत रूप से बताया। इस दौरान जिले से मानसिक रोग विभाग के विनोद कुमार, अनिल पांडे, अहमद अब्बास मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अवनीश चौधरी, डॉक्टर निसार अहमद व डॉक्टर आशीष रस्तोगी के द्वारा मानसिक रोग के बारे में मौजूद लोगों को बताते हुए कहा गया, कि यदि कोई भी रोगी किसी भी हरकत को बार–बार दोहराता है या किसी चीज को बार बार बोलता है तो यह मानसिक रोग के लक्षण हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति बार–बार हाथ होता है कई बार हाथ धोने वाला व्यक्ति भी मानसिक रोगी हो सकता है। इस तरह के लक्षण मिलने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद डॉक्टर की सलाह लें या किसी मानसिक रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाएं मानसिक रोग का इलाज संभव है। कैंप के दौरान क्षेत्रीय लोगों के साथ–साथ फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ व जिले के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया मनरेगा योजना से मिट्टी पटाई कार्य का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत रमवापुर तिवारी में मनरेगा





योजना से मिट्टी पटाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय संगीता यादव, खण्ड विकास अधिकारी, सुभाष, ग्राम प्रधान, अजय पाण्डेय, तकनीकी सहायक एवम ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे स कार्य का नाम कुसाही के खेत से रामकिशोर के घर तक चकरोड पर मिट्टी कार्य पर मस्टररोल के अनुसार दिनांक 03.01.23 से 16.01.23 तक का मस्टर रोल निकाला गया है। मौके पर लगभग 30 श्रमिक उपस्थित पाए गए। ग्राम रोजगार सेवक द्वारा बताया गया कि डिमांड के अनुसार ज्यादा श्रमिक का मस्टर रोल निकाला गया, परन्तु सभी श्रमिक पर नहीं आ रहे है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो श्रमिक नहीं आ रहे है उनको अनुपस्थित किया जाय। मस्टररोल की कापी मौके पर उपलब्ध नहीं था। जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम रोजगार सेवक को कारण बताओ नोटिस जारी करके अग्रेतर कार्यवाही करे। कार्यस्थल पर सीआईबी बोर्ड नही लगाया गया है। तत्काल सीआइबी लगाने के निर्देश दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्राक्कलन के अनुसार सम्पूर्ण लंबाई, चौड़ाई एवम ऊंचाई में कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## अग्नि पीड़ितों को समाजसेवी ने पहुंचाई मदद

अयोध्या । रुदौली विधानसभा अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा जमुनिया मऊ में लगी आग से तीन दलित परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई अग्निकांड की खबर मिलते ही समाजसेवी राजन पांडे अपने पुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे को भेजकर तीनों परिवारों को दरी चद्दर कंबल महिलाओं को कपड़े एवं 500–500 रूपये नगद सहायता राशि उपलब्ध कराई व गरीबों को भरोसा दिलाया कि वह और उनका परिवार सभी लोगों के साथ है।

# सीएचसी तिलौली में अल्ट्रासाउंड व डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। विधानसभा बांसी क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्धा कराने हेतु क्षेत्रीय विधायक व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री द्वारा वर्ष 2021–22 में अल्ट्रासाउंड व डिजिटल एक्सरे मशीन मंगाई गई थी। जिसका उद्घाटन विधायक सिंह ने फीता काट कर किया। बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे सीएचसी मिठवल (तिलौली) पहुंचे विधायक सिंह का लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक निधि से क्रय किए गये डिजिटल एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन का उन्होंने फीता काट कर उद्घाटन किया। सीएमओ



डाक्टर विनोद कुमार अग्रवाल ने कहा कि अब इस क्षेत्र के लोगों को अल्ट्रासाउंड साउंड व डिजिटल एक्सरे कराने के लिए जिले पर जाने की जरूरत नहीं होगी। उपरोक्त जांचों के साथ यंहा लगे हेल्थ एटीएम के द्वारा शरीर से संबंधित कई जांचों की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। रेडियोलाजिस्ट के बावत पूंछने पर सीएमओ द्वारा बताया गया कि यंहा नियुक्त रेडियोलाजिस्ट डाक्टर आरएन चौधरी निरंतर अनुपस्थित चल रहे उनके इस आचरण के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि तब तक के किसी अन्य की नियुक्ति तक वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जा रही है! इस दौरान अधीक्षक डाक्टर धर्मेन्द्र कुमार चौधरी, डा0 अंगद वर्मा, डा0 रोहित वर्मा, डाक्टर रेनू कन्नौजिया, आयुष डॉक्टर आविदा खान, फर्मासिष्ट अश्विनी दूबे, सर्वेन्द्र चौधरी, एक्सरे टेक्नीशियन राकेश त्रिपाठी, डीआरए अनूप चौधरी, विश्वनाथ पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय उर्फ जोगी बाबा, नेवास चौधरी, गजराज चौधरी, शिवचरन, भोजई चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित करती है अयोध्या की कला व संस्कृति:बृजभूषण शरण सिंह

## –राजू रांचो ने अपने कमेडी से दर्शकों को खूब ठहाका लगवाया

अयोध्या । अयोध्या महोत्सव केवल अयोध्या के लिए ही नही बल्कि या वैश्विक स्तर पर अयोध्या की कला, संस्कृति का संदेश प्रसारित कर रहा है क्योंकि अयोध्या की कला और संस्कृति सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित करती है। उक्त बातें अयोध्या महोत्सव महोत्सव में सातवें दिन जगत गुरु दिनेशाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा। इसके पहले मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह, सांसद कैसरगंज, विशिष्ट अतिथि गोरखनाथ बाबा, विधायक मिल्कीपुर, महंत बलराम सिंह, शक्ति सिंह, अजय सिंह कृषि वैज्ञानिक विक्रम आदि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुरुवात हुआ। इसके उपरांत अतिथियों का अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र, बुके आदि भेंट करते हुए स्वागत के साथ सम्मानित करते हुए अतिथियों का परिचय संबोधित किए। मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि कर्तव्य पथ पर चलने का संकल्प कोई भी ले सकता है। परन्तु इस पर चलते हुए राष्ट्र व समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने वाला पथ प्रदर्शक होता है। हमारी लोकपरम्पराएं, संस्कृति व कला वैश्विक स्तर पर शोध का विषय है। परन्तु यह परम्पराएं आधुनिकता के दौर में लुप्त होती दिख रही है। परन्तु विभिन्न दिक्कतों का सामना करते हुए अयोध्या महोत्सव का लगातार जिस प्रकार से अयोध्या हो रहा है इसके लिए महोत्सव की पूरी आयोजन टीम बधाई की पात्र है। नाहिद कैफ के संयोजन में अयोध्या आइडल के अन्तर्गत सीनियर वर्ग का गायन और नृत्य तथा पी आर एल पब्लिक स्कूल अयोध्या के बच्चों की भव्य प्रस्तुति हुई। विजय यादव के संयोजन में लोक कला चौंपियनशिप के अन्तर्गत लोक गायन में साधू बाबा इंद्रजीत यादव, अजीत कुमार, शिव प्रसाद यादव, उदय राज यादव द्वारा अवधी बिरहा, वैष्णवी श्रीवास्तव द्वारा काव्य पाठ, सुषमा कुमारी, संगम लता, सूर्या म्यूजिकल ग्रुप, कुमारी आरती , संतोष पाल आदि द्वारा भव्य लोक गायन की प्रस्तुति हुई। लोक नृत्य में शिव नारायण, रवि मझवार, स्वाति संगीत सिद्धि केन्द्र द्वारा सिन्धी लोक नृत्य, आराध्या गौतम द्वारा भव्य प्रस्तुति हुई। इसके उपरान्त निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय लेने के बाद लोक गायन में प्रथम पुरस्कार सूर्या म्यूजिकल ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार उदय राज यादव तथा तृतीय पुरस्कार संगम लता को तथा इसी प्रकार लोक नृत्य में प्रथम पुरस्कार रवि मझवार, द्वितीय पुरस्कार महेश मझवार एवं तृतीय पुरस्कार आराध्या गौतम के ग्रुप को अयोध्या महोत्सव न्यास द्वारा कुल पुरस्कार राशि इक्यावन हजार, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र आदि प्रदान किया गया। कमेडी नाइट में मुम्बई से आए हुए कामेडी कलाकार राजू रांचो ने अपने कमेडी से दर्शकों को खूब ठहाका लगवाया। दर्शकों में हंसी मजाक का मौहाल काफी देर तक बना रहा। 5 जनवरी को एस. बी. सागर प्रजापति के संयोजन में कला रंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्रातः 11 बजे से होगा जिसमें देश भर के सैंकड़ों जूनियर और सीनियर वर्ग के सैकड़ों कलाकार अपने कला रंग का जलवा बिखेरेंगे। इसमें सम्मानित अतिथि कलाकार के रूप में महाराष्ट्र से अंतर्राष्ट्रीय कलाकार प्रमोद कांबले जी, प्रयागराज से डा श्याम बिहारी अग्रवाल, रवींद्र कुशवाहा एवं दिल्ली से कला समीक्षक राकेश गोस्वामी आदि हस्तियों का आगमन होगा। इसके बाद घूमो अयोध्या, आपदा प्रबंधन तथा नाहिद कैफ के संयोजन में फिटनेश प्रो चौंपियनशिप आदि का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अयोध्या महोत्सव केप्रबन्धक ई. रवि तिवारी, महासचिव आकाश अग्रवाल, अरूण द्विवेदी, सचिव नाहिद कैफ, उपाध्यक्ष रेणुका रंजन श्रीवास्तव, विवेक पाण्डेय, एस बी सागर प्रजापति, विजय यादव, मोहित मिश्र, कार्यक्रम प्रभारी रेगन सिंह चौधरी, रवि चौधरी, ऋचा उपाध्याय, श्रुति श्रीवास्तव, गौरव सिंह, उज्जवल चौहान, निकिता चौहान, पूजा अरोड़ा, राजेश गौड़, अन्तरिक्ष, पुष्कर दत्त तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# स्नातक एमएलसी चुनाव में भारी मतों से जीतेगी सपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरुवार को



कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के सपा पदाधिकारियों की बैठक विधान परिषद स्नातक चुनाव के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष जोखन प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में पूर्व विधायक विजय पासवान के अगुवाई में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विजय पासवान ने कहा कि स्नातक विधान परिषद का चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाला है। विधान परिषद स्नातक चुनाव मैं पार्टी प्रत्याशी करुणा कांत मौर्या की कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र से जीत सुनिश्चित कराने के लिए विचार विमर्श कर रणनीति बनाते हुए ब्लॉक स्तरीय टीम गठित कर जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि विधान परिषद स्नातक चुनाव में अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं से संपर्क कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करने के लिए जनसंपर्क तेज कर दें। अंत में समाजवादी पार्टी के नेता कड़जहवा के प्रधान व सपा सेक्टर प्रभारी सुग्रीव यादव के माता के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। बैठक में कृष्ण नाथ यादव, चंद्रजीत यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, मोहम्मद अमूल मेकरानी, जावेद आलम उर्फ चुन्ने प्रधान, घनश्याम जायसवाल, राम सेवक लोधी, विजय चौधरी, अभिषेक त्रिपाठी, राजकुमार यादव, अशोक पांडेय, निजामुद्दीन खान, मोहम्मद अयूब, राम चौधरी, मधुसूदन यादव, रवि शंकर यादव, गुंजन पासवान, विनोद चौधरी, अतीक उर रहमान खान आदि उपस्थित रहे।

# सपा-बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर छलने का काम किया- गोविंद माधव

दैनिक बुद्ध का संदेश

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि भाजपा राजनीतिक सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। जिलाध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा भाजपा और भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है अपने शासनकाल में सपा–बसपा कांग्रेस ने पिछड़े दलितों शोषित पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया सपा–बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनवे तथा उनके कुछ चाहते लोगो तक सीमित रहा उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है लेकिन सपा अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी



उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है गोविंद माधव ने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव के बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है बिहार सरकार ने पिछड़े वर्ग के हितो की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिये तब खुद को राष्ट्रीय पार्टी का मुखिया कहने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुप क्यों थे। कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास की नीति है जबकि अखिलेश यादव की नीति अपने परिवार और अपने रिश्तेदारों के विकास तक सीमित है। गोविंद माधव ने कहा कि सपा–बसपा तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठ, भ्रम व फरेब की अपनी परम्परागत राजनीति से सत्ता प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए हैं लेकिन जनता इनकी हकीकत जान चुकी है उत्तर प्रदेश न भूला है ना भूलेगा अखिलेश यादव सरकार में पिछड़ों व अनुसूचित वर्ग का दमन तथा परिवारवाद जातिवाद व तुष्टीकरण की घिनौनी राजनीति का सच जिला अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया इसका ही परिणाम है कि समाज में यह भाव जागृत हुआ है कि अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों से पार पाकर भारत का प्रधानमंत्री बन सकता है और देश को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकता है।

# मस्जिदया में संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का हुआ निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। गुरूवार को जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधि





ाकारी विकास खण्ड शोहरतगढ के ग्राम पंचायत मस्जिदया में संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 65 गोवंश संरक्षित है। निर्देशित किया गया कि नियमित पशु चिकित्सक का भ्रमण करे एवम पशुओं का स्वास्थ परिक्षण करे। गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा भूरा उपलब्ध पाया गया। हरे चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। गौशाला में ठड़ से बचाव के लिए तिरपाल एवम अलाव की व्यवस्था कराया गया है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि परिसर में एकत्र गोबर को कम्पोस्ट पिट में डलवाए एवम खाद का उपयोग करे। तिरपाल और अलाव का प्रबंध करें।

# ककरहवा ने 55 रनों से मोहना से जीता मैच

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। भारत





रत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को सदर विधायक श्यामधनी राही ने फीता काटकर किया। जिसमे 16 टीमों के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। गुरुवार की सुबह ककरहवा क्रिकेट क्लब व आरसीएम क्रिकेट मोहाना के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर ककरहवां के खिलाड़ियों ने पहले बैटिंग करने का फैसला लेते हुए निर्धारित 15 ओवर में कुल 161 रन बनाए। जिसके जबाब में उतरी मोहाना टीम के खिलाड़ियों ने 107 रन बनाकर 10 ओवर में ही सिमट गई। जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में ककरहवा के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। मोहाना टीम को 10 ओवर में 107 रन पर ढेर करके 55 रनों से मैच को जीत लिया। विशाल यादव ने सर्वाधिक 48 रनों के साथ मैन आफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व

**■ भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में कैनवस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**

**■ सदर विधायक श्यामधनी राही ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल राजनेता के रूप में हम सभी देशवासियों के लिए युगपुरुष और प्रेरणाश्रोत रहे। उनकी स्मृति में खेल का आयोजन अत्यंत ही सराहनीय कार्य है जिसको लेकर उन्होंने आयोजक मण्डल की सराहना की। उन्होंने कहा की खेल के ऐसे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालो को उत्साहित करने के लिए ऐसे खेल होने चाहिए। जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहे। उन्होंने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को और मेहनत करके आगे जीत के लिए तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा की इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौका मिलता हैं। जो प्रदेश और देश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान सत्य प्रकाश राही, आयोजक नितेश पांडेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, कोषाध्यक्ष विनय वर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश जयसवाल, विवेक गोस्वामी, महामंत्री जयराम यादव, मंत्री अबू शामा खान, कंचन वर्मा सहित कैमेंट्रेटर के तौर पर संतोष उपाध्याय और अफसर रहे तो वहीं अंपायर के तौर पर सोनू गोस्वामी, बालचंद चौधरी ने निष्पक्षता पूर्ण अंपायरिंग किया। अजय उपाध्याय, फूलचंद जयसवाल ओमप्रकाश यादव, बृजेश सिंह, राजकमल जयसवाल, शिवकुमार यादव, प्रवेश शुक्ला, रजत तिवारी, बालगोविन्द पाठक, विशाल मौर्य, आलोक कुमार सिंह, देव कुमार सिंह, सुनील जयसवाल, अफजल हुसैन, अरुण जयसवाल, सत्यनारायण, अमित कुमार सहित टूर्नामेंट के पहले ही दिन हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विध



ायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा यातायात कें प्रति लोगो को जागरूक किये जाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सड़क सुरक्षा माह दिनांक 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक चलेगा। जागरूकता वाहन लोगो को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक करेगे। चार पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करे। सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाये। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने। तीन सवारी न चले। यातायात के नियमो का पालन करे और सुरक्षित है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, ए0आर0टी0ओ0 अरूण प्रकाश चौबे, तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद जगदम्बिकापाल की अध्यक्षता में चेन्नई में सम्पन्न हुआ ऊर्जा समिति की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। ऊर्जा समिति के चेयरमैन सांसद जगदम्बिकापाल





की अध्यक्षता में चेन्नई में लोकसभा के संसदीय ऊर्जा समिति के अध्ययन दौरे पर "विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2022 पर विद्युत मंत्रालय, तमिलनाडु राज्य सरकार, डिस्कॉम और एसईआरसी के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में के.आर एन राजेश कुमार, प्रदीप कुमार चौधरी, सुनील कुमार मंडल, गुरजीत सिंह आहुजा, मजीबुल्लाह खान, देवेंद्र सिंह, भोले सिंह, जय प्रकाश, राजेन्द्र गहलोत, जावेद अली खान, गुलाम अली, कृष्ण लाल पवार, प्रवीण कुमार निषाद, बालेस्वरी बल्लभनैनी, नारायण दास गुप्त, उत्तम कुमार नाला मद्दा रेड्डी, पी वैलुसमें, दयानिधि आदि उपस्थित रहे।

# भनवापुर स्मार्टफोन पाकर छात्रों के खिले चेहरे

## भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के महुआ खुर्द स्थित श्री राम सूर्यमणि महाविद्यालय पर स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। बृहस्पतिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीए बीएससी इ.मक के छात्र छात्राओं को वितरण किया गया स्मार्टफोन। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से किया स्वागत। कार्यक्रम में 101 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर लवकुश ओझा ने कहा कि सरकार कि यह कल्याणकारी योजना हर वर्ग के लिए है। यह स्मार्टफोन बच्चों के पढ़ाई में बेहतर योगदान करेगा।

वहीं पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति में बहुत सी ऐसी चीजों को पाठ्यक्रम से जोड़ दिया गया है जो बिना स्मार्टफोन लैपटॉप के बगैर संभव नहीं है सरकार ने समाज के हर वर्ग को बेहतर शिक्षा से जोड़ने का यह बेहतर तरीका चुना है। वही श्रीराम सूर्यमणि महाविद्यालय के प्रबंधक कमलेश मिश्र ने कहा कि सिद्धार्थनगर पिछड़े जिले में गिनती होती थी शिक्षा के क्षेत्र में और सिद्धार्थनगर में पिछड़ा ब्लाक भनवापुर माना जाता था मेरे बाबा का यह सोच था कि इंटर के बाद स्नातक और परास्नातक की डिग्री के लिए बच्चों और बच्चियों को बाहर जाना और शिक्षा ग्रहण करना बहुत बड़ी चुनौती हुआ करती थी मेरे बाबा ने यह ठाना था कि क्षेत्र के लोगों को शिक्षित बनाने का हम प्रयास करते रहेंगे और आज यह महाविद्यालय जो बनकर तैयार हुआ है मेरे बाबा जी की सोच के वजह से यह महाविद्यालय बना और क्षेत्र के बच्चों और बच्चियों को स्नातक और परास्नातक की शिक्षा हम उपलब्ध करा रहे हैं कमलेश मिश्र ने यह भी कहा कि हम चाहते तो इस जमीन पर कोई फैक्ट्री डाल सकते थे परंतु शिक्षा के प्रति पिछड़ा जिला वह भी ब्लाक भनवापुर अति पिछड़े में आता था इसलिए हमें अपने बाबा का सपना साकार करना था और हम लोगों ने अथक प्रयास के बाद या महाविद्यालय संचालित किया। वहीं एसडीएम डुमरियागंज कुणाल सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा में स्मार्टफोन वह लैपटॉप बेहद कारगर साबित होंगे।

# लेखपाल महेंद्र श्रीवास्तव को मिला प्रशस्ति पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। जिले में आई बाढ के दौरान बाढ़ में फंसे लोगों को मदद पहुंचाने में विशेष योगदान करने वाले लेखपालों



के उत्साह वर्धन हेतु आपदा प्रबंधन द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया देने का क्रम जारी है। इसी क्रम में स्थानीय तहसील में कार्यरत लेखपाल महेंद्र श्रीवास्तव को भी शासन के दिशा निर्देश के अनुसार दिन–रात मेहनत कर बाढ मे फंसे लोगों को मदद मुहैया कराने के लिए जिम्मेदारियों के प्रति उनकी निष्ठा व मेहनत को देखकर एसडीएम व तहसीलदार के आदेश के अनुपालन के क्रम में आपदा प्रबंधन ने लेखपाल महेंद्र श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया।

# जनवरी में जबरदस्त ठंडक शुरू, ठंडक से ठिठुरा पूरा ब्लाक पचपेड़वा



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। ब्लाक पचपेड़वा में ठंडक से लोग बेहाल हल ही में जनवरी का महीना सुरु होते ही ठंडक आपने आप में आ गया चार दिन से धुप का कोई अतापता नही है। धुंध और बदली छुई रही। लोग के जीवन पर काफी असर ठंडक का दिखाई पड़ रहा है। लोग गाँवो में आग जला कर दस लोग एक साथ बैठे मिलते है। कुछ लोगो से बात की तो उन्होंने बताया कि अगले वर्ष से ज्यादा ही ठंडक इस बार है। ठंडक की वजह से बाजार या बहार जाने में काफी समस्या होती है।

# कल्पनाथ सिंह कन्या महाविद्यालय के छात्रों को मिला स्मार्ट फोन

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन,सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन के अंर्तगत कल्पनाथ सिंह कन्या महाविद्यालय लोटन सिद्धार्थ नगर में सत्र 2021ध्2022 में अध्यनरत छात्रों के तकनिकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्ट फोन वितरण किया गया। स्मार्ट फोन वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक श्याम धनी राही रहे। सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार छात्रों के तकनिकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्ट फोन वितरण कर रही है। जिससे सभी



छात्रों को पढ़ाई करने में अत्याधिक सुविधा उपलब्ध हो सके। स्मार्ट फोन वितरण समारोह में खण्ड विकास अधिकारी लोटन बाजार लाल जी शुक्ला, कल्पनाथ सिंह कन्या महाविद्यालय के प्रबंधक अंकित सिंह, ग्राम विकास आधिकारी ईश्वर देव, मनोज कुमार, मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दृगनारायण सिंह, मूसे सिंह, अजय सिंह व भारतीय जनता पार्टी नेता गादर उपस्थित रहे। कल्पनाथ सिंह कन्या महाविद्यालय लोटन बाजार सिद्धार्थनगर में छात्रा दिव्या, प्रीति, लक्ष्मी आदि छात्रों ने स्मार्ट फोन प्राप्त किया। स्मार्ट फोन पाकर छात्रा बहुत ही उत्साहित हुए।

# बाणगंगा रेलवे पुल से गिरकर 22 वर्षीय युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महथा बाजार रेलवे स्टेशन के पश्चिम बानगंगा रेलवे पुल से नदी मे गिरने से एक नवयुवक की मौत हो गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हाल्ट रेलवे स्टेशन महथा बाजार के पश्चिम बानगंगा नदी पर बने रेलवे पुल से अजय गोंड पुत्र राधेश्याम गोंड उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ वार्ड नंबर 11 रघुनाथ नगर की बानगंगा नदी में गिर जाने से मौत हो गयी। मौके पर शोहरतगढ़ इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सम्पादकीय

**सोचें, अमित शाह और नड्डा के इतने दौरे होने हैं और उस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकारी और गैर सरकारी कार्यक्रम चलते रहेंगे, जिनका मीडिया में लाइव प्रसारण चलता है। इसके बरक्स कांग्रेस या दूसरी पार्टियां क्या कर रही हैं? कांग्रेस अध्यक्ष का अभी तक किसी राज्य का दौरा करने का कार्यक्रम नहीं बना है, जबकि...**

# भाजपा की लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू




राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे क्या कर रहे हैं? या पार्टी के दूसरे नेता यात्रा को सफल बनाने में ही लगे हैं या कुछ और काम कर रहे हैं? यह सवाल इसलिए है क्योंकि भाजपा ने ग्रैंड स्केल पर लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। अभी तक परदे के पीछे के काम हो रहा था। कमजोर सीटों की पहचान हो रही थी और उनकी जमीनी फीडबैक ली जा रही थी और कमजोर बूथ की पहचान करके वहां के लिए रणनीति बन रही थी। यह काम अब पूरा हो गया है। हर सीट पर विस्तारक नियुक्त हो गए हैं और उनका प्रशिक्षण भी हो गया है। अब भाजपा ने स्टेज टू शुरू कर दिया है, जिसे लोकसभा प्रवास का नाम दिया गया है। लोकसभा प्रवास के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दर्जन राज्यों का दौरा करेंगे। सोचें, अभी लोकसभा चुनाव में सवा साल बाकी है और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्यों का धुआंधार दौरा शुरू कर दिया। नए साल के दूसरे दिन सोमवार को वे महाराष्ट्र के चंद्रपुर में थे, जहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री हंसराज अहीर के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके अगले दिन यानी मंगलवार को वे बिहार पहुंच गए, जहां वैशाली जिले में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, एक मंदिर में दर्शन को गए और फिर पटना में पार्टी के प्रदेश नेताओं के साथ बैठक करके वापस दिल्ली लौटे। इस पूरे महीने उनका इसी तरह का कार्यक्रम है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जनवरी के महीने में 11 राज्यों का दौरा करने का कार्यक्रम है। वे पहले हफ्ते में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में जाने वाले हैं, जिनमें से दो राज्यों में अगले महीने चुनाव हैं। वे चुनाव वाले नगालैंड और त्रिपुरा के साथ मणिपुर का दौरा करेंगे। उसके बाद वे छत्तीसगढ़ और झारखंड के दौरे पर जाएंगे। उसके बाद उनका आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जाने का कार्यक्रम तय है। अमित शाह हाल ही में दो दिन कर्नाटक में लगा कर आए हैं लेकिन फिर कर्नाटक के दौर पर भी जाएंगे। उसके बाद महीने के अंत में उनका हरियाणा और पंजाब के दौरे का कार्यक्रम बना हुआ है। सोचें, अमित शाह और नड्डा के इतने दौरे होने हैं और उस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकारी और गैर सरकारी कार्यक्रम चलते रहेंगे, जिनका मीडिया में लाइव प्रसारण चलता है। इसके बरक्स कांग्रेस या दूसरी पार्टियां क्या कर रही हैं? कांग्रेस अध्यक्ष का अभी तक किसी राज्य का दौरा करने का कार्यक्रम नहीं बना है, जबकि अध्यक्ष बने हुए उनको दो महीने से ज्यादा हो गए हैं। न तो मल्लिकार्जुन खडगे ने अभी तक अपनी टीम बनाई है और न चुनावी तैयारियों के लिए राज्यों का दौरा शुरू किया है। उनके अलावा दूसरा कोई भी नेता नहीं दिख रहा है, जो कांग्रेस की ओर से राज्यों का दौरा करे। महासचिवों के इस्तीफे हो गए हैं और फिर सभी नए सिरे से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं, जो 24 से 26 फरवरी तक होने वाले कांग्रेस अधिवेशन के बाद ही हो पाएगा।

# काल्पनिक भेडिये का भय?

ओमैग ने कहा है– श्भय फैलाने की प्रवृत्ति से बचा जाना चाहिए, ताकि लोग उस समय चेतावनियों को नजरअंदाज ना कर दें, जब सचमुच भेडिया आएगा।य तमाम आंकड़े और संकेत ओमैग की कही बातों के पक्ष में जाते हैं।

कोरोना संक्रमण की नई लहर को लेकर भारत में बनाभय, इस बात की ही मिसाल है कि देश में मेडिकल हालात के राजनीतिक दुरुपयोग की प्रवृत्ति किस हद तक पहुंच गई है। क्या अफसोसनाक नहीं है कि देश में कोरोना की नई लहर का खतरा किस हद तक है, इस पर डॉक्टरों की संस्थाएं ही बंट जाएं? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के तुरंत बाद देश में डॉक्टरों की एक संस्था– इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पिछले हफ्ते ये चेतावनी जारी कर दी कि देश पर नई लहर का खतरा मंडरा रहा है। अब 15 मेडिकल एसोसिएशनों के संघ– ऑर्गनाइज्ड मेडिसीन एकेडमिक गिल्ड (ओमैग) ने डॉक्टरों और सरकारी एजेंसियों से भारत की लगभग सुरक्षित स्थिति को स्वीकार करने को कहा है। ओमैग ने कहा है– श्भय फैलाने की प्रवृत्ति से बचा जाना चाहिए, ताकि लोग उस समय चेतावनियों को नजरअंदाज ना कर दें, जब सचमुच भेडिया आएगा।य तमाम आंकड़े और संकेत ओमैग की कही बातों के पक्ष में जाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक बड़े हिस्से में आम राय है कि कोरोना वायरस अब कमजोर पड़ चुका है। इसके नए संस्करण संक्रामक हो सकते हैं, लेकिन उनसे आपातकालीन स्थिति पैदा होने की आशंका नहीं है। इस बात की मिसाल चीन ही है, जहां तेजी से संक्रमण बढने के बावजूद मौतों की दर बेहद निम्न रही है और अब नए संक्रमण के मामले भी उतार पर हैं। भारत में स्थिति यह है कि 90 प्रतिशत आबादी में कोविड संक्रमित होने या टीकाकरण के कारण इस वायरस के प्रति इम्युनिटी पैदा हो चुकी है। इसलिए 2020 या 2021 जैसे हालात पैदा होंगे, इसका अंदेशा बेहद कम है। वैसे ओमैग जैसी संस्थाएं भी मानती हैं कि सावधानी की जरूरत है। दरअसल, सावधानी एक स्थायी तकाजा है, जिस पर लगातार जोर दिए जाने की आवश्यकता है। लेकिन सावधानी और दहशत में फर्क होता है। इस बार दहशत का माहौल किस मकसद से बनाया गया, इस बारे में ठोस रूप से कुछ कहना संभव नहीं है। लेकिन ऐसा करने का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, यह बात लगभग पक्के भरोसे के साथ कही जा सकती है।

# चीन से संबंध : सठे साठ्यम नीति ही सही

**दुनिया भर में भारत की सकारात्मक पहल से दो देशों के बीच चली आ रही बरसों की दुश्मनी भी कम हो सकती थी और आपसी सौहार्द की भावना भी बढ़ती। ऐसा होने से भारत–चीन के व्यापार में भी फायदा होता और दोनों देशों की आर्थिक व्यवस्था भी सुधरती। क्योंकि दो देशों के बीच औद्योगिक तरक्की से मनमुटाव भी सुधरता है, और दोनों देशों के बीच शांति ...**

विनीत नारायण

गलवान घाटी की घटना और कोविड महामारी के पहले तक चीन और भारत के बीच आपसी व्यापार बहुत तेजी से बढ़ा था पर पलड़ा चीन के पक्ष में भारी रहा।

इसको लेकर भारत के आर्थिक जगत में कुछ चिंता व्यक्त की जा रही थी विशेषकर कच्चे माल के निर्यात को लेकर भारत में विरोध के स्वर उभरने लगे। तर्क यह है कि जब दोनों ही देशों की तकनीकी क्षमता और श्रमिकों की उपलब्धता एक जैसी है तो भारत भी क्यों नहीं निर्मित माल का ही निर्यात करता? उधर, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय निर्यातकों को चीन से कड़ा मुकाबला करना पड़ता है। उनकी शिकायत है कि चीन की सरकार अपने निर्माता और निर्यातकों को जिस तरह की सहूलियतें देती है, और साम्यवादी देश होने के बावजूद चीन में श्रमिकों से जिस तरह काम लिया जाता है, उसके कारण उनके उत्पादनों का मूल्य भारत के उत्पादनों के मूल्य की तुलना में काफी कम रहता है, और इसलिए चीन का हिस्सा अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगातार बढ़ता जा रहा है। जबकि भारत की सरकार तीव्र आर्थिक प्रगति दर की बात तो करती है, पर उत्पादन की वृद्धि के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा नहीं सुधार पा रही है। इसलिए हमारे निर्यातक पिट रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार 2021 में दोनों देशों के बीच आपसी कारोबार 125 अरब डॉलर के पार चला गया था। इस आंकड़े में चीन से होने वाला आयात करीब 100 अरब डॉलर का है। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत ने कई दर्जन चीनी ऐप पर रोक लगा दी। इसके साथ ही संवेदनशील कंपनियों और क्षेत्रों में चीन के निवेश को भी सीमित कर दिया गया। दूसरी तरफ, राजनैतिक दायरों में चीन के साथ चले आ रहे सीमा विवाद, उसकी कश्मीर और अरुणाचल नीति और पाकिस्तान के साथ लगातार प्रगाढ़ होते सामरिक संबंध चिंता का विषय बने हुए हैं, जिसके आधार पर बार–बार यह चेतावनी दी जाती है कि चीन से संबंध सोच–समझ कर बढ़ाए जाएं। कहीं ऐसा न हो श्चीनी हिंदी भाई–भाईय का नारा लगाते–लगाते हम 1962 जैसी स्थिति में जा पहुंचें जब चीन विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति बनकर हम पर हावी हो जाए। इस तर्क के विरोध में सोचने वालों का कहना है कि चीन 1962 की तुलना में अब बहुत बदल गया है। उसे पता है कि लोकतंत्र की ओर उसे क्रमशरू बढना होगा। आर्थिक उदारीकरण, सूचना क्रांति और चीन में धनी होता मध्यम वर्ग, अब साम्यवादी अधिनायकवाद को बहुत दिनों तक बर्दाश्त नहीं करेगा। इसलिए चीन के हुक्मरानों ने दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में लोकतंत्र का अध्ययन करने के लिए अपने दल भेजे हैं। वे चाहते हैं कि उनके देश में उनके इतिहास को ध्यान में रखकर ही लोकतंत्र का मॉडल अपनाया जाए जिसके लिए वे अपना नया मॉडल विकसित करना चाहते हैं। इसी विचारधारा के लोगों का यह भी मानना है कि चीन भारत पर हावी होने की कोशिश इसलिए नहीं कर सकता क्योंकि उसके दो पड़ोसी रूस और जापान काफी ताकतवर हैं, और उसे प्रतिस्पर्धा मानते हैं। साथ ही पिछले दो दशक से चीन की आर्थिक प्रगति में सक्रिय सहयोग देने वाला अमेरिका चीन की बढ़ती ताकत से घबरा कर अब उससे दूर हट गया है, और नई आर्थिक संभावनाओं की तलाश भारत में कर रहा है। इसलिए अमेरिका भी ऐसी किसी परिस्थिति में भारत का ही साथ देना चाहेगा जिससे चीन की विस्तारवादी नीति पर लगाम कसी रहेगी। चीन के आंतरिक मामलों के जानकारों का कहना है कि चीन का मौजूदा नेतृत्व काफी संजीदगी भरा है। उसकी रणनीति यह है कि जब तक शिखर पर न पहुंचे, तब तक बर्दाश्त करो, समझौते करो, खून का घूंट भी पीना पड़े तो पी लो और अंतरराष्ट्रीय विवादों के इतिहास को एक तरफ कर आर्थिक प्रगति का रास्ता साफ करो। चीन मामलों के एक विशेषज्ञ किशोर महबूबानी हैं, जो सिंगापुर की ली क्वान यूनिर्वसटिी के डीन रह चुके हैं और तीन दशक तक सिंगापुर के विभिन्न देशों में राजदूत भी रह चुके हैं, का भी कुछ ऐसा ही मत है। उनका विचार में भारत और चीन को प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए। हर तरह के पारस्परिक द्वेष को भूलकर एक दूसरे की मदद से अपने आर्थिक विकास के एजेंडा पर कार्य करना चाहिए जिससे दोनों देशों की शक्ति बढ़ेगी। इसलिए किशोर कहते हैं कि चीन और भारत लड़ें नहीं, साथ–साथ बढ़ें। पर यह होता नहीं दिखता क्योंकि चीन भारत पर और भारत चीन पर विास नहीं करते। चीन हमेशा हमारी सीमाओं पर एक खतरे की तरह ही रहा है, और आगे भी रहेगा। इसलिए हमें युद्ध की संभावना को टालते हुए अपनी सैन्य ताकत बढ़ानी चाहिए क्योंकि कई दौर की बातचीत के बावजूद परमाणु ताकत से लैस दोनों पड़ोसियों में तनाव घटने का नाम नहीं ले रहा। दोनों पक्षों ने हजारों सैनिकों को तैनात कर रखा है। इसके साथ ही सेना के टैंक और लड़ाकू विमानों समेत भारी सैन्य हथियारों का जमावड़ा भी तैनात है। संघ और बीजेपी के कार्यकर्ता तो लगातार चीन के बहिष्कार का नारा बुलंद करते रहते हैं परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमाम विवादों के बावजूद चीन का नाम लेने से भी बचते आए हैं। वे भारत के अकेले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो सबसे ज्यादा बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना अंदाज में मिले हैं। यह विरोधाभास आम भारतीय की समझ के परे है। इसलिए मोदी सरकार को चीन के मामलों के भारतीय विशेषज्ञों के सुझावों का संज्ञान लेना चाहिए। भारत चीन समस्या का कोई ठोस हल निकालना तो निकट भविष्य में संभव नहीं देख रहा। यदि ऐसा हो पाता तो मोदी सरकार द्वारा विश्व भर में एक सकारात्मक संकेत भेजा जा सकता था।

**वर्ष 2008 की कृषि ऋण माफी से उपजी कड़वी निराशा इस प्रकार की लोकलुभावन घोषणा का एक सटीक उदाहरण है। कार्यान्वन के इरादे से लैस विवेकपूर्ण नीतियां राजकोष की पवित्रता और सरकार एवं नागरिकों के बीच विश्वास बनाए रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए, यह कवायद एक व्यक्ति को इस निष्कर्ष को ओर ले जाती है कि पिछले कई वर्षों में देश के बजट की वार्षिक...**

# बजट: वादों को पूरा करने का एक साधन

करण भसीन

वादे, भारतीय राजनीति की एक सर्वोत्कृष्ट विशेषता रहे हैं। इन वादों में से कई पूरे होते हैं, तो कई अधूरे रह जाते हैं। घोषणापत्र, सरकारी कार्यक्रम और यहां तक कि बजट की कवायद भी चुनावी राजनीति या गठबंधन की मजबूरियों का शिकार रहीं हैं, जिसके लिए ऐसे वादों की जरूरत होती है, जिन्हें तोड़ा जाना होता है। वर्ष 2018 के उतरार्द्धा में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने 2014 के घोषणापत्र में किए गए वादों की समीक्षा करने के लिए कई कवायदें की गईं थीं। वादों को पूरा करने के मामले में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। पूर्ण और सापेक्ष दोनों ही सन्दर्भों में। वर्ष 2019 के बाद, एक ऐसी महामारी आई जिसने सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों और सरकारी वित्त में बड़ा व्यवधान पैदा किया है। इसलिए समय आ गया है कि बजट घोषणाओं पर करीब से नजर डाली जाए और यह देखा जाए कि क्या उसमें, खासकर रेल बजट से संबंधित, किए गए वादे पूरे किए गए हैं या फिर वे पिछली बजट घोषणाओं की तरह ही अधूरे रह गए हैं। हमने बजट 2022–23 में की गई 34 प्रमुख घोषणाओं पर बारीकी से गौर किया है और उनके कार्यान्वयन का आंकलन किया है। इनमें से कई घोषणाओं से विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों का जुड़ाव है, जो उनके समयबद्ध कार्यान्वयन को मुश्किल बनाता है। इस दृष्टि से, इन घोषणाओं के कार्यान्वयन के मामले में बेहतर प्रदर्शन भारत सरकार की बेहतर प्रशासनिक दक्षता का संकेत हो सकती है। आश्चर्यजनक रूप से, दो बातों को दर्शाते हुए इन प्रमुख घोषणाओं में से प्रत्येक में काफी प्रगति हुई है। पहली बात उठाए जा सकने लायक कदमों की घोषणा करके वार्षिक बजट की विश्वसनीयता को बहाल करने के सचेत प्रयास से संबंधित है और दूसरी बात पहले ही घोषित किए जा चुके प्रावधानों को प्रभावी तरीके से कार्यान्वित करने को लेकर किए गए केन्द्रित प्रयासों से संबंधित है। यह सब महामारी के दौरान राजकोषीय आंकड़ों को व्यवस्थित करने की पृष्ठभूमि में हुआ है। व्यवस्थित करने की यह प्रक्रिया 2014 के पहले से अपेक्षित थी क्योंकि एक के बाद एक मंत्रियों ने बैलेंस शीट से इतर जाकर उधार के माध्यम से वास्तविक घाटे को कम करने की कोशिश की थी। इसलिए यह स्पष्ट है कि अंतिम उद्देश्य बजट की कवायद की गंभीरता को बहाल करना और अधूरे वादों के पिछले अनुभवों से आगे बढना है। आइए, पिछले बजट में पीएम गति शक्ति की घोषणा से शुरुआत करते हैं। इसका उद्देश्य एक ऐसे मंच का निर्माण करना था जो बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने में मदद करे और बुनियादी ढांचे के विकास के विभिन्न पहलुओं के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार विभिन्न मंत्रालयों के कारण होने वाली देरी को कम करे। यह मंच 16 मंत्रालयों को एकजुट करता है और देश भर में मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी के तेजी से विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को संभव बनाता है। यह मंच पिछले कुछ समय से सक्रिय है और पीएम गति शक्ति नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में दी गई 4827 परियोजनाओं में से 766 की रूपरेखा नेशनल मास्टर प्लान के मंच पर तैयार कर दी गई है। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों में 25,000 किलोमीटर का विस्तार करने के निर्णय की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने पहले ही राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए संशोधित दिशानिर्देश तैयार करना शुरू कर दिया है और उसका इरादा इस नीति को अंतिम रूप दिए जाने के बाद नए राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिसूचित करने का है। मंत्रालय वर्तमान वित्तीय वर्ष में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का समर्थन करने हेतु मौजूदा परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूलिप) से संबंधित है। इसकी घोषणा विभिन्न तरीकों से माल की कुशल आवाजाही, लॉजिस्टिक संबंधी लागत एवं लगने वाले समय को कम करने, समय–समय पर इन्वेंट्री प्रबंधन में सहायता करने और थकाऊ दस्तावेजीकरण को खत्म करने के उद्देश्य से की गई थी। इस मंच को सभी हितधारकों को वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करनी थी। आगे चलकर इस मंच को इसी के अनुरूप विकसित किया गया है और इसने देश के लॉजिस्टिक क्षेत्र को एक नए तरीके से बढ़ावा देने के प्रयास में विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों की 29 डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत किया है। कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन के उपयोग के संदर्भ में, वित्त मंत्रालय राज्य सरकारों और संबंधित संगठनों को इसे खरीदने के लिए धन जारी कर रहा है। इसी तरह, ईसीएलजीएस वृद्धि को 17 अगस्त 2022 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी। पीएम आवास योजना के तहत सभी के लिए आवास को लेकर एक बड़ी घोषणा की गई। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में इस कार्यक्रम के तहत 80 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। कुल 120.38 लाख स्वीकृत आवासों में से 104.12 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है जबकि 30 सितंबर तक 63.27 लाख आवासों को वितरित कर दिया गया है या फिर उनका निर्माण पूरा कर लिया गया है। ये वैसे कुछ उदाहरण हैं, जिनकी घोषणा बजट के एक हिस्से के रूप में की गई थीं और साथ ही इनके कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में कुछ विवरण भी दिए गए हैं। सभी 34 प्रमुख घोषणाओं के गहन विश्लेषण से इनमें से प्रत्येक में काफी प्रगति का पता चलता है और इससे वादा किए गए कार्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर दक्षता और प्रतिबद्धता का संकेत मिलता है।

निजी क्षेत्र के कर्मचारी लक्ष्यों को परिभाषित करने और वित्तीय वर्ष के दौरान उन लक्ष्यों की प्रगति पर नजर रखने के महत्व से अवगत होते हैं। पिछले साल की गई बजट घोषणाओं के विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि वित्त मंत्रालय द्वारा भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपनाया गया है। यह अतीत की तुलना में, खासकर किसी ठोस उपाय के बिना की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं से पैदा होने वाली निराशा को देखते हुए, एक स्वागत योग्य बदलाव है। वर्ष 2008 की कृषि ऋण माफी से उपजी कड़वी निराशा इस प्रकार की लोकलुभावन घोषणा का एक सटीक उदाहरण है। कार्यान्वन के इरादे से लैस विवेकपूर्ण नीतियां राजकोष की पवित्रता और सरकार एवं नागरिकों के बीच विश्वास बनाए रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए, यह कवायद एक व्यक्ति को इस निष्कर्ष को ओर ले जाती है कि पिछले कई वर्षों में देश के बजट की वार्षिक कवायद सही दिशा में बढ़ी है क्योंकि वे वितरण के एक साधन बनकर उभरे हैं।




## 100 सालों में हुआ पहली बार, अमेरिकी संसद को क्यों नहीं मिल रहा नैंसी पेलोसी का उत्तराधिकारी? स्पीकर चुनाव में कैसे हुआ बड़ा उलटफेर

अमेरिका के पिछले 100 सालों के इतिहास में पहली बार स्पीकर के लिए लगातार छह राउंड की वोटिंग की गई, लेकिन फिर भी कोई नतीजा नहीं निकल पाया। राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का वादा करने वाले और हंटर बाइडेन के चीन लिंक की जांच के आदेश देने वाले केविन मैककार्थी छठे राउंड की वोटिंग के बाद भी पिछड़ते ही दिखे। केविन को चौथे, पांचवे और छठवें चरण के मतदान में भी पर्याप्त संख्याबल नहीं मिला, लेकिन वह हार मानने के लिए तैयार नहीं हैं। केविन को जीत के लिए 218 वोट चाहिए लेकिन उन्हें 216–214 वोट ही मिल सके। दो दिनों के लंबे संघर्ष और गतिरोध के बाद, रिपब्लिकन ने बुधवार को कहा कि नई कांग्रेस में अपने नए बहुमत का नेतृत्व करने के लिए अध्यक्ष को बैठाने की कठिन प्रक्रिया में प्रगति के कुछ संकेत हैं। 20



रिपब्लिकन नेताओं ने मैक्कार्थी को वोट नहीं दिया जिसके बाद वह स्पीकर पद सुरक्षित नहीं कर पाए।

1923 के बाद हुआ ऐसा

पिछली बार साल 1923 में नई कांग्रेस की शुरुआत में स्पीकर चुनने के लिए एक से अधिक राउंड की वोटिंग हुई थी। 1885 में एक स्पीकर चयन प्रक्रिया में दो महीनों में 133 राउंड वोटिंग हुई थी। सदी में ऐसा पहली बार हुआ है कि स्पीकर के उम्मीदवार को वोट नहीं मिले हैं। बता दें कि जब तक किसी को बहुमत नहीं मिल जाता तब तक संसद को नया अध्यक्ष नहीं मिल पाता तब तक चुनाव होते रहेंगे।

क्यों फंस रहा है पेंच

मैक्कार्थी के स्पीकर बनने में एक बाधा उनकी पार्टी के कुछ लोगों की यह धारणा थी कि वह पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति वफादार नहीं हैं। ट्रम्प 2020 में जो बाइडन से हारने के बाद फिर से राष्ट्रपति पद की रेस में है। बता दें, नैंसी पेलोसी 2021 में 216 वोटों के साथ यूएस हाउस स्पीकर पद के लिए चुनी गई थीं।

बाइडेन ने कहा– शर्मिंदा करने वाला है

रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने केविन को इस शीर्ष पद पर पहुंचाने के लिए कई बार मतदान किया, लेकिन हर बार वही नतीजा सामने आया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने केंटुकी में एक कार्यक्रम के लिए रवाना होते हुए व्हाइट हाउस में कहा कि सदन के हालात को पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसमें काफी वक्त लग रहा है और यह काफी शर्मिंदा करने वाला है।

## टॉफेल, टकर, केटलबोरो जैसे अनुभवी अंपयार आईएलटी20 में होंगे मैच अधिकारी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट



परिषद (आईसीसी) के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का खिताब पांच बार जीतने वाले साइमन टॉफेल के साथ अनुभवी रॉड टकर और रिचर्ड केटलबोरो जैसे अनुभवी यूएई में इस महीने शुरू हो रही 'डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल टी20 लीग (आईटीएल20)'में मैच अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। इस लीग का आयोजन 13 जनवरी से 12 फरवरी तक होगा जिसमें छह टीमों के बीच अबुधाबी, दुबई और शारजाह में कुल 34 मैच खेले जायेंगे। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक टॉफेल के साथ कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अंपायरिंग करने वाले अकबर अली खान, एलेक्स व्हार्फ, लेस्ली रीफर, मार्टिन सैगर्स, केटलबोरो, टकर, रुचिरा पल्लियागुरुगे और शिजू मन्निल मैच अधिकारियों की टीम में शामिल हैं।

इस दौरान टॉफेल अंपायर और मैच रेफरी की दोहरी भूमिका निभाएंगे। रोशन महानामा भी मैच रेफरी की भूमिका में दिखेंगे। टॉफेल ने कहा, '' मैं आईएलटी20 में मैच अधिकारियों का नेतृत्व करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट ने खेल के दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया है और मैं दुनिया में उभरती एक नयी क्रिकेट लीग का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।''

इस लीग में अबुधाबी नाइट राइडर्स (नाइट राइडर्स समूह), डेजर्ट वाइपर्स (लांसर कैपिटल), दुबई कैपिटल्स (जीएमआर), गल्फ जायंट्स (अडानी स्पोर्ट्सलाइन), एमआई अमीरात (रिलायंस इंडस्ट्रीज) और शारजाह वारियर्स (कैप्री ग्लोबल) की टीम शामिल है।

## रेली ओपेल्का चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अधिकारियों ने बताया कि रेली ओपेल्का साल के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट से हट गये




हैं। अमेरिका के इस 25 साल के खिलाड़ी के टूर्नामेंट से हटने का हालांकि कोई कारण नहीं बताया गया है। वह पिछले छह महीने से कूल्हे और टखने की चोट से परेशान रहे है। उन्होंने अपना पिछला मुकाबला वाशिंगटन में अगस्त 2022 में में सिटी ओपन में निक किर्गियोस के खिलाफ खेला था। ओपेल्का के बाहर होने का लाभ झांग झिझेन को होगा। चीन का यह खिलाड़ी 16 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में तीसरी बार मुख्य एकल ड्रॉ में शामिल होगा।

## न नौकरी न पढ़ाई, लड़कियों पर मुश्किल छाई, तालिबानी शिक्षा मंत्री की दो टूक– चाहे परमाणु बम गिरा दो, नहीं बदलेंगे महिलाओं पर बैन वाला फैसला

15 अगस्त 2021 यानी आज से करीब 16 महीने पहले अफगानिस्तान में तालिबान वापस लौटा तो उसके साथ चार करोड़ की आबादी वाले देश में डर की भी वापसी हुई थी। ज्यादातर लोगों को डर था कि दोबारा उन्हें उस अमानवीय और अत्याचारी शासन में रहना पड़ेगा जिसे वो 20 साल पहले भुगत चुके हैं। इसलिए इतिहास में दर्ज तालिबान की क्रूरता को लेकर सारी दुनिया की निगाहें अफगानिस्तान पर थी। तालिबान भी इस बात को जानता था, इसलिए उनसे सारी दुनिया के सामने अफगानिस्तान के लोगों से शांति और स्थिरता का वादा किया था। ये भी कहा था कि वो किसी भी नागरिक पर इस्लामिक नियम नहीं थोपेगा। लेकिन वो सारी बातें झूठी थी। पिछले 16 महीने के शासन में तालिबान ने ये दिखाया कि वो बदला नहीं है बल्कि उसकी बातें बदल गई है। उसकी सोच आज भी ढाई दशक पुरानी है।



15 अगस्त 2021 को तालिबान राज की जब अफगानिस्तान में वापसी हुई थी तो सबसे ज्यादा डर महिलाओं में देखा गया था। जिन्होंने सबसे अधिक तालिहबानी क्रूरता झेली थी। उनका डर गलत नहीं था। कुछ ही महीनों में उनका डर सच में बदल गया। अब तालिबान के महिला विरोधी फैसलों के बाद उसकी तरफ से दो टूक कह दिया गया है कि वो इसे नहीं बदलने वाला है। तालिबान सरकार के शिक्षा मंत्री निदा मोहम्मद नदीम ने कहा है कि चाहे अफागानिस्तान पर परमाणु बम गिरा दिया जाए, पर इस्लामिक अमीरात सरकार अपना फैसला नहीं बदलने वाली है। तालिबानी मंत्री मोहम्मद नदीम ने साफ कहा है कि अफगानिस्तान एक संप्रभु देश है। ऐसे में दुनिया के बाकी देशों को उसके आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया की उनकी सरकार कका लिया गया निर्णय इस्लामिक कानूनों के अनुसार है और ये नहीं बदलने वाला है, चाहे जितना भी दबाव बना लिया जाए। पहले तालिबान ने अफगान पर कब्जा करने के बाद महिलाओं और युवतियों की शिक्षा को लेकर फरमान जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि पुरुषों के स्कूलों में महिला व युवती नहीं पढ़ सकेंगी। साथ ही इन्हें महिला टीचर ही पढ़ा सकेंगे। जिसके बाद उच्च शिक्षा मंत्री के एक पत्र के अनुसार तालिबान ने अफगानिस्तान में युवतियों और महिलाओं के लिए संचालित विश्वविद्यालयों को बंद करने का ऐलान किया है।

## Djokovic के सामने एडीलेड क्वार्टर फाइनल में शापोवालोव की चुनौती

एडीलेड। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं,



जहां उनका सामना डेनिस शापोवालोव से होगा। जोकोविच ने गुरुवार को क्वेंटिन हैलिस को 7–6, 7–6 से हराया। कनाडा के शापोवालोव ने रोमन सफीउलिन को सीधे सेटों में 6–4, 6–3 से शिकस्त दी। जोकोविच और अन्य शीर्ष खिलाड़ी 16 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तैयारी के लिए इस स्पर्धा में खेल रहे हैं। इस 21 बार के ग्रैंड स्लैम चौंपियन को पिछले साल कोविड–19 के लिए टीकाकरण नहीं कराने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था।

## आतंकवाद का पनाहगाह वाली छवि सुधारना चाहता है तालिबान ? इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर मारे छापे, 8 आतंकवादियों को उतारा मौत के घाट

इस्लामाबाद। महिलाओं पर प्रतिबंध लगाने के बाद जब ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के देशों ने जब से तालिबान की फटकार लगाई है इसे समझ आने लगा है कि अगर यही हालात रहे तो वह दुनिया में पूरी तरह से अलग–थलग पड़ जाएगा। ऐसे में जिन देशों के साथ उसकी थोड़ी सी भी ठीक–ठाक है उनसे वह अपने रिश्ते नहीं बिगाड़ रहा हैं। वहीं आतंकियों को पनाह देने वाली अपनी छवि को सुधारने की तालिबान लगातार कोशिश कर रहा हैं ताकि अन्य देशों के साथ उसके व्यापारिक संबंध बढ़ सकें। अब ताजा अपडेट के अनुसार तालिबान ने आतंकी समूह



इस्लामिक स्टेट के कुछ ठिकानों पर हमला कर 8 आतंकवादियों को मार दिया है।

अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने इस्लामिक स्टेट के आठ आतकंवादियों को मार गिराया और नौ अन्य को गिरफ्तार कर लिया। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि राजधानी और पश्चिमी निमरोज प्रांत में आईएस आतंकवादियों को निशाना बनाते हुए छापे मारे गए। इन आतंकवादियों ने हाल में काबुल के लोंगान होटल,पाकिस्तानी दूतावास और सैन्य हवाई अड्डे पर हमले किए थे। मुजाहिद ने कहा कि आठ आतंकवादी मारे गए,इनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। सात आतंकवादियों को काबुल से गिरफ्तार किया गया, वहीं निमरोज प्रांत में एक अभियान में दो आतंकवादी पकड़े गए। सरकारी प्रवक्ता ने ट्वीट किया, ''इन सदस्यों की चीनी होटल पर हमले में मुख्य भूमिका थी और इन्होंने आईएस के विदेशी आतंकवादियों के आगफानिस्तान आने का मार्ग प्रशस्त किया।''

इस्लामिक स्टेट समूह ने अफगानिस्तान की राजधानी के सैन्य हवाईअड्डे पर एक जांच चौकी के पास रविवार को हुए घातक बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। आईएस ने कहा था कि हमला उसी आतंकवादी ने किया जिसने दिसंबर के मध्य में लोंगान होटल पर हमला किया था। आईएस ने एक हमलावर की तस्वीर जारी की जिसकी पहचान अब्दुल जब्बार बताई गई। आतंकवादी संगठन ने कहा कि गोला बारूद समाप्त होने के बाद वह होटल में हमले से बच कर निकल आया। संगठन ने यह भी कहा कि उसने जांच चौकी के पास सैनिकों को निशाना बनाते हुए विस्फोटक लदी अपनी जैकेट में विस्फोट कर लिया। मुजाहिद ने कहा कि तालिबान के सुरक्षा बलों ने शाहदाई सालेहिन इलाके में आईएस के एक ठिकाने पर छापे मार कर हल्के हथियार, हथगोले, जैकेट और विस्फोटक आदि बरामद किए।

## मेडिकल टीम की सलाह पर सैमसन बाहर, जितेश टीम में शामिल:बीसीसीआई

पुणे। संजू सैमसन को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम की सलाह पर श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला



से बाहर किया गया और उनकी जगह विदर्भ के विकेटकीपर–बल्लेबाज जितेश शर्मा को टीम में शामिल किया गया। सैमसन मंगलवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान सीमा रेखा के पास गेंद रोकने की कोशिश में चोटिल हो गये थे। उनके बाएं घुटने में चोट लगी थी। बोर्ड से बुधवार रात को जारी बयान के मुताबिक, '' बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने सैमसन का मुंबई में स्कैन कराया और विशेषज्ञों राय ली। उन्हें आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की सलाह दी गई है।'' उन्होंने बताया, '' अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने संजू सैमसन की जगह जितेश शर्मा को टीम में शामिल किया है।'' जितेश को आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिये उनके प्रदर्शन का उन्हें फल मिला है।' भारतीय टीम तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 से आगे है। इसका दूसरा मुकाबला पुणे में खेला जायेगा। भारतीय टीमरू हार्दिक पंड्या (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

## वोडाफोन आइडिया की पूंजी के साथ कई अन्य जरूरतों पर बातचीत जारी : वैष्णव

भुवनेश्वर। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को




कहा कि कर्ज में डूबी कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) की पूंजी के साथ कई और जरूरतें हैं जिनपर बातचीत जारी है। वीआईएल दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के बोझ में है। उसने सरकार को देय लगभग 16,000 करोड़ रुपये की ब्याज देनदारियों को इक्विटी में बदलने का विकल्प चुना है। यह कंपनी में लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर होगा। वहीं कंपनी में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 74.99 प्रतिशत घटकर 50 प्रतिशत पर आ जाएगी। वैष्णव ने कहा, ''वोडाफोन (आइडिया) की कई आवश्यकताएं हैं। इसमें पूंजी की विशेष जरूरत है। कितनी पूंजी, कौन डालेगा? इस समय ये सभी चीजें चर्चा में हैं। वीआईएल ने सरकार को 10 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर हिस्सेदारी की पेशकश की है और सरकार कंपनी के शेयरों के 10 रुपये प्रति शेयर पर स्थिर होने की प्रतीक्षा कर रही है।

## 18 साल की उम्र तक Maths पढ़ना होगा अनिवार्य, ऋषि सुनक जल्द कर सकते हैं ऐलान

ब्रिटेन में सभी विद्यार्थियों के लिए जल्द ही 18 साल की उम्र तक गणित शिक्षा को अनिवार्य किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इस योजना पर काम कर रहे हैं। 2023 के अपने पहले भाषण में वो इसकी घोषणा



कर सकते हैं। जिसमें सभी विद्यार्थियों को 18 साल की उम्र तक गणित की पढ़ाई करना जरूरी होगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री साल 2023 के लिए अपने एजेंडे का निर्धारण करने वाले हैं। जिसमें वो कई मुद्दों को संबोधित करेंगे। इसमें इनका मकसद अपनी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए जनाधार को भी मजबूत करना है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का लक्ष्य घरेलू नीति के एजेंडे में शिक्षा में सुधार की नीति को सामने रखना है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सनक ने कहा कि वह यूनाइटेड किंगडम में सभी विद्यार्थियों को 18 वर्ष की आयु तक किसी न किसी रूप में गणित का अध्ययन सुनिश्चित करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। हम उन कुछ देशों में से एक हैं जहां हमारे बच्चों को 18 साल की उम्र तक गणित के किसी भी रूप का अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं है। ,ष सुनक ने कहा कि अभी, 16–19 साल के सभी बच्चों में से सिर्फ आधे ही गणित पढ़ते हैं। ऐसी दुनिया में जहां डेटा हर जगह है और आंकड़े हर काम को रेखांकित करते हैं, हमारे बच्चों को उन कौशलों के बिना उस दुनिया में जाने देना, हमारे बच्चों को नीचा दिखाना है। इसलिए हमें और आगे जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह संख्या ज्ञान को शिक्षा प्रणाली का एक केंद्रीय उद्देश्य बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ष्इसका मतलब यह नहीं है कि हर किसी के लिए गणित में ए लेवल अनिवार्य है। लेकिन हम 18 साल तक किसी न किसी रूप में गणित पढ़ने वाले सभी बच्चों की ओर बढ़ने के लिए सेक्टर के साथ काम करेंगे।

## डम्पर की टक्कर से ट्रैक्टर के खलासी की मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या । थाना इनायतनगर के बारुन चौराहे पर हुई सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर ट्राली के खलासी की मौत हो गई। सुबह फैजाबाद की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को बारुन चौराहे के समीप पीछे से अयोध्या–रायबरेली फोरलेन निर्माण में मिट्टी ढो रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में डंपर ट्रैक्टर ट्राली को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया।जिसमें ट्रैक्टर के खलासी श्यामलाल (33) पुत्र स्व संतराम निवासी ग्राम उधुई थाना कुमारगंज की मौत हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर ने ट्राली समेत सड़क के किनारे एक खाद बीज की दुकान के टीन शेड के साथ साथ एक रिहायशी मकान की दीवार एवं शौचालय टैंक को अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में चपेट में आए मकान के मालिक शोभाराम पुत्र रामजस ने बताया कि डंपर की चपेट में आने से उसके मकान में भारी नुकसान पहुंचा है, लगभग 60,000 मूल्य के शौचालय टैंक के साथ–साथ एक दीवार पूरी तरह से धाराशाही हो गई है।खिहारन के पूर्व प्रधान राजकुमार यादव ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया।मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बबलू कुमार ने 108 एंबुलेंस की सहायता से दुर्घटना में मरणासन्न खलासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित शव विच्छेदन घर पर भिजवाया गया है।

## हर शुक्रवार ग्राम पंचायतों में लगेगी चौपाल

देवरिया। हर शुक्रवार को प्रत्येक विकास खंड की तीन–तीन ग्राम पंचायतों में समाधान दिवस की तरह चौपाल लगाई जाएगी। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। शासन की मंशा है कि गांव की समस्या ग्राम स्तर पर ही सुलझा दी जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मुख्य विकास अधिकारी ने नामित किया है। गांव की समस्या गांव में ही सुलझाने के लिए शासन ने नई पहल की है। इसके तहत इस बाद प्रत्येक विकास खंड के तीन–तीन गांवों में चौपाल लगाई जाएगी। 48 गांवों में लगने वाली चौपाल के लिए सीडीओ रवींद्र कुमार ने खंड विकास अधिकारी और एडीओ को निर्देश दिए हैं। इसमें ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे। इसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। चौपाल के दौरान बीट सिपाही से लगायत ग्राम प्रधान, लेखपाल, एएनएम, रोजगार सेवक, सचिव सभी मौजूद रहेंगे। ताकि लोगों की समस्या का निदान हो सके। चौपाल में ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा। मनरेगा के कार्य और मजदूरों का भुगतान, समूह गठन, बीसी सखी, ग्राम पंचायत द्वारा वित्त से कराए गए कार्य, सामुदायिक शौचालय, संचारी रोग, टीकाकरण, नलकूप, सिंचाई व्यवस्था, विभिन्न तरह के पेंशन, जलनिकासी, छात्रवृत्ति सहित अन्य कार्यों का सत्यापन भी किया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक एवं आर्गेनिक खेती एवं सुशासन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा भी की जाएगी। इसके साथ ही सार्वजनिक जमीनों पर कब्जा हटाने की भी कार्रवाई की जाएगी।

## निशुल्क साड़ी मिलने पर बीसी सखियों के चेहरे पर उभरी मुस्कान

कुशीनगर। बुधवार को पडरौना विकास खण्ड के सभागार में खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार अग्रहरि के नेतृत्व में ब्लाक क्षेत्र के बीसी सखियों को विभाग द्वारा निशुल्क साड़ी उपलब्ध कराया गया। साड़ी पाकर बीसी सखियों की चेहरे पर मुस्कान उभर आई। साडी वितरण पर बीसी सखियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बी सी सखियों का कार्य केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत गठित समूहों को बैंक संबंधित सुविधाओं को आसानी से उपलब्ध कराना है। गांवों में जो भी मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं। उनके मानदेय का भुगतान भी इन्ही से कराया जाएगा। गांव के लोग अपने खाते में पैसों की जमा और निकासी भी इनकी सहायता से करा सकते हैं। इसके लिए सरकार से बी सी सखी को डिवाइस भी उपलब्ध कराया गया है। इन समूह के खाते में 75 हजार रूपए भी भेजे गए हैं। जिसका उपयोग ट्रांजेक्शन कराने के उपरांत 4: वार्षिक दर के साथ सरकार को वापस भी करना है। इनकी अलग पहचान के लिए सरकार द्वारा इन्हे मुफ्त में साड़ी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी भगवंत प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बीएमएम विवेक सिंह, बृज मोहन पाण्डेय, हिमांशु द्विवेदी तथा मनोज मौर्य सहित बीसी सखी कनक पांडेय, मीना गुप्ता, पल्लवी सिंह सहित भारी संख्या में बीसी उपस्थित रहे।

## सिपाही के उत्पीड़न के खिलाफ एसपी कुशीनगर को ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की मांग

कुशीनगर। जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोहंग निवासी अनीश पांडेय ने पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। अनीश पांडेय ने बताया कि 29 दिसंबर शाम 6रू00 बजे के करीब हमारा भाई अपने दो साथियों के साथ फाजिलनगर से कुछ सामान खरीदकर घर जा रहा था। तभी जोकवा बाजार में स्थानीय थाने से संबंधा चौकी मधुरिया पर तैनात सिपाही ऋषि पटेल ने हमारे भाई और साथियों के रोककर गलत वार्तालाप करते हुए पुरानी रंजिश के तहत मारपीट कर हमारे भाई को रात भर लॉकअप में बंद करके पिटाई किया। जिसको अंजाम देने में अन्य दो और पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जिसमे उसको गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया है कि हमें भी भद्दी–भद्दी गाली देते हुए पुलिसिया रोब दिखाकर गलत तरीके से फंसाकर जेल भेजने की बात कहने लगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच बैठा दी है। ज्ञापन देने के दौरान कुशीनगर पुलिस अधीक्षक के गैर मौजूदगी में अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। मामले की गम्भीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा इस प्रकरण में जांच करवाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में अनीश पाण्डेय, मो0 एहतशाम जाफर मिंटू लारी, उजैर अंसारी, शम्स तबरेज बिट्टू, हसनैन अंसारी, एजाज अंसारी व साजिद अंसारी समेत काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## आई एम शक्ति वूमेन फाउंडेशन ने गरीबों में बांटे कंबल

गोरखपुर। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आई एम शक्ति वूमेन



फाउंडेशन ने आज दिनांक 5 जनवरी को भीषण ठंड व गलन को देखते हुए गरीबों व असहाय व्यक्तियों में कंबल वितरण कार्यक्रम किया। उपरोक्त जानकारी संस्था की अध्यक्षा श्रीमती कंचन सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि संस्था के समस्त पदाधिकारियों ( रमा पांडेय, सुनीता जायसवाल, अदिति चतुर्वेदी, विजयलक्ष्मी सिंह, सरिता सिंह, रेनू एमविष्ट, नीतू सिंह, नीतू जायसवाल, सुलेखा शुक्ला, मंजू गुप्ता)की उपस्थिति में व उनके कर कमलों द्वारा करीब 100 कंबल वितरण कार्यक्रम शहर स्थित विष्णु मंदिर व काली मंदिर के प्रांगण में दोपहर में किया गया। श्रीमती कंचन सोनी ने अन्य समाजसेवी संस्थाओं, व अन्य सक्षम लोगों से आगे बढ़कर इस भीषण ठंड में गरीबों व असहायों की मदद को अपील की।

## गोदाम में लगी आग, लाखो का जला सामान

कुशीनगर। जनपद के तमकुहीराज नगर पंचायत के दो दुकानदारों के गोदाम में आग लगी की घटना से लाखों रूपए का सामान जल कर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार दुकानदार धर्मेंद्र मद्देशिया व सुनील चौरसिया दुकान से अलग सामान रखने के लिए गोदाम ले रखा है। बताया जाता है कि आधी रात को दोनों के गोदाम में आग लग गयी। आग लगी की घटना में करीब 20 लाख के आस पास का सामान जल गया। सूचना पर फायरबिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुच कर आग पर काबू पायी। चौकाने वाली बात यह है कि दोनों गोदाम में बिजली कनेक्शन नही है। आगजनी की घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा की जा रही है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में देवरिया को प्रदेश में दूसरा स्थान

देवरिया। जन शिकायतों के निस्तारण में जिला प्रशासन की ओर से की जा रही पहल में जनपद को दिसंबर माह की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) रैंकिंग में जनपद प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश में प्रथम स्थान जनपद सोनभद्र को मिला है। जारी रैंकिंग में सोनभद्र को 140 में से 139 प्राप्तांक मिले हैं, जबकि 136 अंक के साथ देवरिया दूसरे स्थान पर रहा। तीसरा स्थान शामली को मिला है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सीडीओ रवींद्र कुमार एवं आईजीआरएस के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव सहित समस्त अधिकारियों, कार्मिकों एवं जनपदवासियों के कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि शासन की नीति के अनुसार आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण में जन अपेक्षाओं के अनुरूप और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा।

आईजीआरएस रैंकिंग का निर्धारण जन शिकायतों के निस्तारण के आधार पर किया जाता है। इन शिकायतों में जिलाधिकारी जनता दर्शन, तहसील दिवस, पीजीपोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय संदर्भ, सहित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण के आधार पर किया जाता है। जिन शिकायतों का निस्तारण संतोषजनक नहीं होता है, उन्हें सी श्रेणी में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाता है। इसके तहत 24 घंटे से 15 दिन के बीच शिकायतों के निस्तारण का प्रावधान है। दिसंबर माह में जनपद में सी श्रेणी का एक भी संदर्भ नहीं है।

गोरखपुर मंडल में प्रथम स्थान पर है जनपदः देवरिया। रैंकिंग में गोरखपुर मंडल में जनपद देवरिया को प्रथम स्थान मिला है। आईजीआरएस रैंकिंग में गोरखपुर को 16वां, महराजगंज को 46 तथा कुशीनगर को 54वां स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए सख्त तेवर अख्तियार किए। इसी क्रम में उन्होंने दो तहसीलदार एवं तीन बीडीओ सहित 11 अधिकारियों के दिसंबर माह के वेतन आहरण पर रोक भी लगा दी थी। साथ ही कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नवंबर में जनपद की रैंकिंग 31वीं थी और दिसंबर में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में बच्चों को किया गया जागरूक

### धूम्रपान और तंबाकू,ये दोनों हमें धीरे धीरे मौत के करीब ले जाते हैं अतः इनसे खुद बचें और अपनों को भी बचाएं: चेयरमैन एम एन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार,देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के बिशुनपुरा बखरा में स्थित एस बी टी पब्लिक स्कूल में श्याम कवी लोक कल्याण संस्थान, लखनऊ द्वारा बच्चों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। संस्थान की तरफ से आए कोआर्डिनेटर प्रकाश व उनके सहयोगी अभय जी ने बच्चों को तंबाकू नियंत्रण के तहत शपथ दिलाते हुए कहा कि हम धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे। हम अपने बच्चों एवं समाज को तंबाकू से दूर रखेंगे एवं समाज को होने वाली क्षति से बचाएंगे। साथ ही उन्होंने इससे होने वाली तमाम बुराइयों से बचने की सलाह दी। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी प्रशासक अबू दानिश व शिक्षकगण तथा सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बच्चों के विवाद में घर मे घुसकर मारने पीटने का आरोप

सागर विश्वकर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

**■ पीडित महिला ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज लगाई न्याय की गुहार**

नौतनवां। नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिहोरवां निवासी सुमित्रा पत्नी रामजीत प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक महराजगंज को एक शिकायती पत्र भेज न्याय की गुहार लगाई है। अपने शिकायती पत्र मे महिला ने लिखा है कि घटना बीते मंगलवार की शाम 4 बजे की है। हमारे व पडोसी के बच्चो मे खेल कूद को लेकर बच्चों मे विवाद हो गया। बच्चों के विवाद मे पडोसी ने समझने बुझाने के बजाय हमे और हमारे बेटे को गाली गुफ्ता के साथ साथ लात घुसो और डन्डे से मार पीट कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी प्रार्थीनी ने डायल 112 को दिया मौके पर पहुची पूलिस ने दोनों पक्षो के लोगो को समझा बुझाकर वापस चली गई। फिर देर शाम करीब आठ बजे पडोसी मेरे घर मे घुसकर हमे गाली गुफ्ता जान से मारने की धमकी देते हुए गले से मंगलसूत्र छीन ले गया। पीडित महिला ने यह भी लिखा है कि पडोसी दबंग व मनबढ किस्म का व्यक्ति है। जिस पर नौतनवां थाने मे क ई मुकदमे भी दर्ज है।

## खाद मिलने की सूचना पर समिति पर जुटी किसानों की भीड, पहुंचे एसडीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बैकुंठपुर,नौतनवां। खाद का अधिक मूल्य लेने की सूचना पर जांच करने पहुंचे एसडीएम नौतनवां दिनेश मिश्रा एव नायब तहसीलदार विवेक कुमार श्रीवास्तव नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के साधन सहकारी समिति बैकून्ठपुर पर गुरुवार की सुबह 465 बोरी यूरिया खाद आने की सूचना पर क्षेत्र के किसानों की समिति पर काफी भीड इकट्ठा हो गई। गहमागहमी के बीच गुरुवार की सुबह सचिव धीरेन्द्र सिह ने खाद वितरण करना शुरू किया तो लोग हंगामा करने लगे। उसी बीच किसी ने सचिव पर खाद का मूल्य अधिक लेने की शिकायत एसडीएम नौतनवां से किया। सूचना पाकर मौके पर पहुचे एसडीएम एव नायब तहसीलदार ने समिति पर पहुचकर सचिव से पूछताछ करने के बाद खाद के लिए आये सभी किसानों से पुछताछ किया तो लोगो ने बताया की सचिव द्रारा 2,67 रुपये मे ही यूरिया का वितरण किया जा रहा है। इस सन्दर्भ मे उपजिलाधिकारी नौतनवां दिनेश मिश्रा ने बताया की खाद का मूल्य अधिक लेने की सूचना पर गये थे। जांच मे सचिव द्रारा निर्धारित मूल्य पर खाद वितरण किया जा रहा है।




# सीपी भट्ट को बेस्ट कॉमेडियन का अवार्ड मिला

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड 2022 दिनाँक 4 जनवरी को अयोध्या में सीपी भट्ट को बेस्ट कॉमेडियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड पत्रिका सरस सलिल बृहस्पति पांडे के द्वारा फलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष भी कॉमेडी किंग कहे जाने वाले फिल्म अभिनेता सी पी भट्ट को उनकी फिल्म रण के लिए सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता का अवार्ड प्राप्त हुआ। ये अवॉर्ड सरल भारत की सबसे ज्यादा और कई भाषाओं में छपने वाली पत्रिका सरस सलिल ने आयोजित किया था, बृहस्पति पाण्डेय के भागीरथ प्रयास से ये सफल आयोजन हर वर्ष होता है। सी पी भट्ट गोरखपुर जनपद के सहजनवा के ग्राम पुंडा के निवासी है लगभग 300 से ज्यादा फिल्मों में सशक्त अभिनय कर चुके है, आज दर्शको की और निर्माता निर्देशक की पहली पसंद है। सी पी भट्ट ने इस अवॉर्ड का का श्रेय अपने भगवान तुल्य दर्शको को और उन्हें अपनी फिल्म का हिस्सा बनने वाले निर्देशकों को दिया है। सी पी भट्ट अभी कॉमेडी के साथ खलनायक और कई चरित्र भूमिका में भी फिल्मे कर रहे है, अभी लगातार अपनी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त है।




# राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लेने वाले अतिथियों का हुआ स्वागत

### गोरखपुर के लिए नजीर बनेगा अधिवेशन : वसवराज

गोरखपुर। तीसरी आंख ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन के 7 जनवरी को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में गोरखपुर शिरकत करने आये अतिथियों का संस्थापक महासचिव शैलेन्द्र कुमार मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय राजू के संयुक्त नेतृत्व में स्वागत किया गया। गोरखपुर पहुंचे वसवराज प्रदेश अध्यक्ष कर्नाटक व संगीता चिमकोडे प्रदेश अध्यक्ष कर्नाटक महिला प्रकोष्ठ अपने स्वागत से अभिभूत दिखी। इस मौके पर ने संगीता चिमकोडे ने कहा कि गोरखपुर में आयोजित अधिवेशन में सामाजिक और मानवाधिकार के संदर्भ में गुफ्तगू किया जायेगा। जो गोरखपुर की सरजमीं के लिए नजीर बनेगा। उन्होंने कहा कि शैलेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में मानवाधिकार के हिफाजत की लड़ाई बड़े ही मजबूती के साथ लड़ी जा रही है। इस लड़ाई को आगे तक लड़ने के लिए तीसरी आंख ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन तैयार है। स्वागत करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पांडेय राजू, प्रदेश संगठन मंत्री इंजीनियर आरके श्रीवास्तव, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता एवं वीरेंद्र राय मंडल संयोजक आदि मौजूद रहे।



## समाज सेवियो ने जरूरत मन्दो में किया कम्बल वितरित

दैनिक बुद्ध का संदेश

गंगापुर,नौतनवां। कडाके की ठंड से राहत हेतु 65 जरूरत मंदो मे लोगो ने किया कम्बल वितरित नौतनवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिना टोला गंगापुर चौराहे पर गुरुवार को आरएसके चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष इरफान खान के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के जरूरत मन्द एव निराश्रितो में ठंड को देखते हुए 65 लोगों में कम्बल वितरित किया गया गस दौरान आरएसके चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि जिगिना, गंगापुर, गंगवलिया, करौता, मोतीपुर के कुल 65 निराश्रित एवं असहाय गरीबो में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष शरीफ खान ने किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामनयन, रविभूषण सिंह, पिन्टू, मुनीब, नबाब अली, अब्दुल्लाह, शमशाद खान, पिन्टू सिंह, दिग्विजय सिंह, महेश आदि मौजूद रहे।



# समाचार पत्र एवं पत्रकारों के हितों के लिए एक मंच पर आना होगा:सरदार दिलावर सिंह

**गोरखपुर।** पत्रकारिता वर्तमान दौर में एक संकट से गुजर रही है। समाचार पत्रों के अस्तित्व पर बन आई है। ऐसे में समाचार पत्रों के प्रबंधन एवं पत्रकारों को एक मंच पर आना होगा। तभी वे अपना अस्तित्व बचा सकेंगे।ष उक्त बातें भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह ने तारामंडल स्थित क्षत्रिय महासभा के सभागार में प्रेस वार्ता में कहीं। वे आगामी 8 जनवरी को होने वाले सम्मेलन एवं गोष्टी की तैयारियों का जायजा लेने आए थे। उन्होंने आगे कहा कि हम ऐसे नाजुक दौर से गुजर रहे हैं जब समाचार पत्रों एवं पत्रकारों को अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने सभी पत्रकार संगठनों के पत्रकारों को एक मंच आने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक व संगठन के गोरखपुर जिला प्रभारी डॉ सतीश चंद्र शुक्ला, सहयोगी गण ऑल इंडिया स्माल न्यूज पेपर एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्रा, भारतीय अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन सिंह सूर्यवंशी, संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष मारकंडे मिश्रा,पत्रकार पवन कुमार गुप्ता सहित अनेक पत्रकार बंधु उपस्थित थे। बताते चलें कि आगामी 8 जनवरी को क्षत्रिय महासभा के सभागार में पत्रकार एकता सम्मान यात्रा आयोजित है और उसमें शपत्रकारिता कल आज और कलश विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई है जिसमें पुलिस अधीक्षक (अपराध) गोरखपुर श्रीमती इंदुप्रभा सिंह आईपीएस, मुख्य अतिथि हैं इसके अलावा दूरसंचार के महाप्रबंधक विद्यानंद आजाद, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, आकाशवाणी गोरखपुर के केशव चंद्र शुक्ला, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार शुक्ला, मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज के अधिष्ठाता गोविंद पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधार रहे हैं।



# एसबीए अध्यक्ष, महामंत्री समेत कई लोगों को किया गया सम्मानित

- करें योग, रहें निरोग का दिलाया गया संकल्प
- भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

रावर्ट्सगंज,सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित एसबीए सभागार में गुरुवार को पांचो संगठनों की तरफ से प्रातः कालीन योग सत्र के बाद पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस दीप प्रज्वलन के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष, महामंत्री समेत समस्त कार्यकारिणी, अधिवक्ताओं, योग साधकों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पतंजलि योग परिवार रावर्ट्सगंज के प्रमुख योग शिक्षक ओम प्रकाश यादव और सुनील कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ योग साधकध्पूर्व अध्यक्ष रमेश राम पाठक,वरिष्ठ योग साधक चंद्र बहादुर सिंह द्वारा सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक, महामंत्री आनंद कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र तथा कार्यकारिणी, पत्रकार बंधु व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक को युवा भारत जिला प्रभारी आशीष पाठक, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय द्वारा अंग वस्त्र व पतंजलि योग समिति जिला संरक्षक शेषमणि तिवारी द्वारा



प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी व वरिष्ठ समाजसेवी प्रभात कुमार पटेल द्वारा पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। युवा महामंत्री आनंद कुमार मिश्रा को पतंजलि योग समिति नगर संरक्षक मिठाई लाल सोनी ,भारत स्वाभिमान नगर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ,वरिष्ठ उपाध्याय संजय कुमार पांडेय, सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र नाथ दीक्षित, प्रभाकर राम पाठक, विनोद कुमार चौबे ,ओम प्रकाश पाठक, महेंद्र प्रसाद शुक्ला,आत्म प्रकाश त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार पांडेय, शेष नारायण दीक्षित, चंद्रपाल शुक्ला, एस0पी0 सिंह, अरुण कुमार मिश्रा, अमरेश चंद्र त्रिपाठी, राजेश कुमार पाठक, उमाकांत सिंह ,राजीव गौतम, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, गोविंद नारायण सिंह ,महेंद्र प्रताप सिंह, छविंद्र नाथ सिंह ,देवेंद्र श्रीवास्तव ,बलदाऊ श्रीवास्तव ,गोपालदास केसरी, संतोष कुमार, दीपक सोनी ,दीपक केसरी ,गिरजा शंकर, राजकुमार सोनी, डॉ मनोज चौधरी ,रामसेवक पांडेय, संजय कुमार श्रीवास्तव, बिमला इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य शिव नारायण लाल श्रीवास्तव, रूप नारायण सिंह ,अजय कुमार पांडेय, बलवंत सिंह, हरि नारायण मिश्रा, उदय शंकर पांडेय, कमलेश कुमार पांडेय, संजय कुमार मिश्र, उत्कर्ष दीक्षित, संदीप मिश्रा, विनोद कुमार मिश्र, धनंजय कुमार मिश्र, लक्ष्मी नारायण पांडेय, उमेश तिवारी, हेमेंद्र दुबे ,सुबोध मिश्रा, पीयूष त्रिपाठी, चंद्रकांत मिश्रा, मुनी महेश शुक्ला ,अमित मिश्रा, विकास द्विवेदी, विनय कुमार सिंह, मिंटू आदि शामिल रहे। भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस पर प्रभात कुमार पटेल को पतंजलि योग समिति की सदस्यता ग्रहण करने पर एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र व नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, युवा भारत जिला महामंत्री योगी संकटमोचन व अनिल चौरसिया द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास किया गया, थाना शाहगंज एसएसआई शिव पूजन चौबे द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास करके उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत तरीके से बतलाया गया। दयानंद मौर्य द्वारा बहुत ही सुंदर स्वागत गीत व योग गीत प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम के अंत में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी, रवि प्रकाश त्रिपाठी, युवा भारत जिला प्रभारी आशीष पाठक महामंत्री सुनील कुमार चौबे, प्रमुख योग शिक्षकध्रावर्ट्सगंज योग सूत्रधार ओम प्रकाश यादव व सुनील कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि भारत स्वाभिमानध्पतंजलि योग समिति स्थापना का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति तक सस्ता व सुलभ तरीके से योग पहुंचाना ,आयुर्वेद ,स्वदेशी का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना, पतंजलि योग परिवार के लोग जगह–जगह जाकर एक दिवसीय, 3 दिवसीय, 5 दिवसीय, 11 दिवसीय योग शिविर लगाकर लोगों को निरूशुल्क योग की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, तथा 25 दिवसीय योग शिविर के माध्यम से योग शिक्षक तैयार कर ,उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान कर रहे हैं, भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस पर सभी को नियमित योगाभ्यास करने की शपथ दिलाई गई ।शांति पाठ व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव में मतदान एवं मतगणना तिथि में परिवर्तन

### 19 जनवरी के स्थान पर अब 17 जनवरी 2023 को होगा छात्र संघ चुनाव

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा,सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र में 5 जनवरी 2023 को छात्र संघ चुनाव को लेकर जिला प्रशासन, महाविद्यालय प्रशासन एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं,प्रतिनिधि एवं छात्र नेताओं के मध्य हुई वार्ता में बनी सहमति के आधार पर महाविद्यालयीय छात्र संघ चुनाव सत्र 2022– 23 की मतदान एवं परिणाम घोषित करने की तिथि में परिवर्तन करते हुए 19 जनवरी 2023 के स्थान पर 17 जनवरी 2023 कर दी गई है। पूर्व में घोषित चुनाव कार्यक्रम की अन्य तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। वे सभी कार्यक्रम पूर्ववत निर्धारित तिथियों पर ही संपन्न होंगे। मतदान की तिथि दिनांक 17 जनवरी 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र में सत्र 2022–23 में नामांकित छात्र–छात्राएं ही अपने मूल ग्रीन कार्ड से महाविद्यालय में निर्धारित बूथों पर प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक मतदान कर सकेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा 17 जनवरी 2023 को ही मतगणना संपन्न होने के पश्चात की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने दी।

## निषाद राज सेवा समिति के बैनर तले मनाई गई एकलव्य जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा,सोनभद्र। निषादराज सेवा समिति के बैनर तले क्लब नंबर 4 में वीर धनुर्धर एकलव्य का जयंती समारोह निषाद राज बैनर सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र निषाद की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर दयाशंकर निषाद प्रदेश उपाध्यक्ष निषाद पार्टी, एवं विशिष्ट अतिथि रोहित बिंद जिला संयोजक रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र निषाद ने कहा कि वीर धनुर्धर एकलव्य का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने तमाम अवरोधों को पार करते हुए शिक्षा को महत्व देते



हुए धनुर्विद्या सीख कर तत्कालीन समय में महान धनुर्धर बने। उन्होंने लोगों से अपील की कि हम लोगों को भी ऐसे महान धनुर्धर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे समाज में फैली कुरीतियां शराब युवा एवं पिछड़े लोगों का विकास हो सके उनका शोषण रुक सके। मुख्य अतिथि दयाशंकर निषाद ने कहा निषाद समाज का इतिहास सदैव गौरवशाली रहा है। विशिष्ट अतिथि रोहित बिंद ने कहा कि सरकार में अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने देंगे। जिसकी लड़ाई पूरा निषाद समाज मिलकर लड़ेगा। कार्यक्रम का संचालक छोटे लाल निषाद ने किया।

इस मौके पर सनी निषाद मुकेश साहनी श्याम बिहारी निषाद राज बली निषाद, इंद्रजीत निषाद विजय निषाद, संजय निषाद, सनी निषाद चौधरी निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

## फरार चल रहे 5 हजार इनामिया आरोपी को शक्तिनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश



शक्तिनगर,सोनभद्र। टैंकर से डीजल चोरी प्रकरण में फरार चल रहे 5 हजार इनामिया आरोपी को शक्तिनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह द्वारा वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पिपरी क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल के निर्देशन मे शक्तिनगर एसएचओ राजेश सिंह मय हमराही हेड कांस्टेबल पंकज यादव,हेड कांस्टेबल राकेश सरोज द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 0001ध2022 धारा 3 (1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 से सम्बन्धित एवं पुरस्कार घोषित अपराधी मकमूल खान उर्फ नन्हे पुत्र अयूब खान निवासी कन्हई हनुमानगंज प्रतापगढ़, सलीम अहमद पुत्र इश्तखार निवासी ग्राम बैढन को मु0 अ0 स0 126ध2022 धारा 379.411.34.420.120बी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पिपरी क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि पिछले दिनों एनसीएल दुद्धीचुआ में हो रहे डीजल चोरी की घटना के संबंध में पंजीकृत मुकदमें से संबंधित 18 अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## मनरेगा की नई व्यवस्था के विरोध में ग्राम प्रधानों ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। मनरेगा योजना में मजदूरों की उपस्थिति एप के माध्यम से लगाए जानें का आदेश होने के बाद ग्राम प्रधानों ने इस नई व्यवस्था के विरोध का मन बना लिया है जिसको लेकर बृहस्पतिवार को विकास खण्ड देवा में अखिल भारतीय प्रधान संगठन देवा के ब्लाक अध्यक्ष रामनाथ यादव के आह्वान पर 15 ब्लॉको के अध्यक्ष व ब्लाक के समस्त प्रधानों ने ब्लाक सभागार में बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा की बैठक में पहुंचें, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव एवं प्रदेश महासचिव राम किशोर मिश्रा ने कहा इस नई व्यवस्था से मनरेगा का कार्य प्रभावित होगा एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना प्रत्येक गांव में संभव नहीं है सरकार को इस समस्या से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा अगर सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो पूरे प्रदेश के ग्राम प्रधान मनरेगा का कार्य ठप करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांतीय महासचिव आर के मौर्या,महेश मिश्रा,विवेक कुमार वर्मा, सीमा वर्मा, सत्यनाम वर्मा विनोद कुमार वर्मा चट्टान सिंह आदि 15 ब्लाक के अध्यक्षों सहित सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानगढ़ उपस्थित रहे।

## अंग्रेजों के जमाने में बनी डैम हुई जर्जर ,मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

कर्सर............डैम पर दूसरा पुल बनवाने की मांग की जिससे आवागमन में हो रही परेशानी दूर हो सके

क्योलडिया। अंग्रेजों के जमाने मैं बनी क्योलडिया डैम पर बना पुल जर्जर हो चुका है जिस पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है इस जर्जर पुल पर कोईचार पहिया वाहन आ जाए आ जाए तो उस पर से गुजर रहे रहगीर बमुश्किल से पुल पार कर मिलता है साथ ही इस पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है अगर इस डैम पर सीधा पुल बन जाए तो आवागमन का रास्ता सीधा हो जाएगा और फिर जर्जर पुल पर जाम भी नहीं लगेगा कई बार विभाग जर्जर पुल पर मरम्मत करा चुका है लेकिन वाहनों के आवागमन के कारण पुल जर्जर है इस पर ब्लॉक प्रमुख पति व सांसद प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जर्जर पुल पर सीधा रास्ते से पुल बनाने की मांग की है जिससे लोगों को आवागमन मिठाइयों का सामना ना करना पड़े और फिर लोगों को नवाबगंज का सीधा रास्ता मिल जायेगा इस पुल को बनवाने के लिए स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार ने विभाग को पत्र लिखकर पुल बनवाने की मांग विभाग से की थी इस पर विभाग के अधिकारियों ने पुल का स्टीमेट भी लगभग तैयार कर लिया था अब इस पुल को बनवाने का बीड़ा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने उठाया है और उन्होंने प्रदेश के मुखिया से पुल को शीघ्र बनवाने की मांग की है।

## सी एच सी बड़ागांव का कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। मसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा गांव का



कायाकल्प की टीम विज्ञान फाउंडेशन से रामायण यादव तथा डिस्टिक कंसलटेंट डॉ अरविंद कुमार के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने समस्त स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया और निरीक्षण किया। गुरुवार को अयोध्या से आई कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम जिसमें विज्ञान फाउंडेशन से रामायण यादव तथा डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट डॉ अरविंद कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा गांव का निरीक्षण करने पहुंचे। कायाकल्प की टीम का सी एच सी अधीक्षक डॉ.संजीव कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कायाकल्प की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, लेबर रूम, सफाई व्यवस्था, फार्मेसी, लेबोरेटरी, जनरल एडमिन, इमरजेंसी, आईपीडी आदि का बिंदुवार निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सी एच सी की सुविधाओं को देखकर कायाकल्प की टीम काफी संतुष्ट दिखाई दी। वहीं इस मौके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा सुबह से कायाकल्प टीम का इंतजार करते हुए स्वास्थ्य कर्मी हुए हलकान बता दें कि कायाकल्प की टीम सुबह 11.00 आने को थी जो कि शाम करीब 4.15 बजे स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण करने हेतु टीम पहुंची ।कायाकल्प टीम आने के इंतजार में स्वास्थ्य कर्मी सुबह से लेकर शाम 4.00 बजे तक भूखे प्यासे टीम का इंतजार करते रहे जिसके कारण स्वास्थ्य कर्मी काफी हलकान रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं को देखकर संतुष्ट दिखाई पड़ी कायाकल्प की टीम।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## कुमार हॉस्पिटल का उद्घाटन सांसद उपेंद्र रावत ने फीता काटकर किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। थाना क्षेत्र मसौली के अंतर्गत शहाबपुर टोल प्लाजा के निकट कुमार हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन समारोह का आज दिनांक 5ध1ध2023 को मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र रावत ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शहाबपुर हाजी अनीस अफजाल अंसारी



तथा प्रोफेसर डॉक्टर आर आहूजा डॉक्टर सुधीर वर्मा तथा सतीश वर्मा ने आकर कुमार हॉस्पिटल की गरिमा बढ़ा दी सभी अतिथि तथा क्षेत्रीय जनता हॉस्पिटल की सुख–सुविधाओं तथा किन–किन डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जाएगा डॉक्टर सत्येंद्र वर्मा से पूछते रहे डॉक्टर दिनेश कुमार वर्मा ने बताया लग भग सभी तरह का इलाज कुमार हॉस्पिटल में किया जाएगा जिनमें डॉ राजेंद्र सिंह पूर्व (ब्डव्)(ब्डै) डॉ सतीश चंद्र एमएस सर्जन डॉक्टर सौरभ वर्मा एमएस सर्जन डॉक्टर अनुराग जयसवाल सर्जन डॉक्टर मीनू मित्तल स्त्री रोग विशेषज्ञ (क्ळव्) डॉक्टर आरके वर्मा बाल्य रोग विशेषज्ञ (ब्डै) डॉक्टर अभिषेक पटेल इन डॉक्टरों द्वारा कुमार हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज किया जाएगा ग्राम सभा शहाबपुर के निवासी इफ्तिखार अंसारी से बात की तो उन्होंने बताया कुमार हॉस्पिटल हमारे ग्राम पंचायत शहाबपुर के लिए बहुत गर्व की बात है हम लोग किसी आपत्ती में बाराबंकी जिला अस्पताल जाना पड़ता था पर अब कुमार हॉस्पिटल खुलने से हम लोगों को बहुत अच्छा महसूस हो रहा है यह सब डॉक्टर सत्येंद्र कुमार वर्मा की मेहनत का नतीजा है जो ग्राम शहाबपुर में ऐसा हॉस्पिटल उनके द्वारा मिला।

## किशोरी से अश्लील हरकत पर अभियोग पंजीकृत

दैनिक बुद्ध का संदेश

क्योलडिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी अपनी सहेलियों के साथ खेत पर बथुआ का साग तोड़ने गई थी तभी गांव के ही मनोज सुखबीर जमुना प्रसाद आदि ने किशोरी को दबोच लिया और उसे खींचकर गन्ने के खेत में ले गए और उससे अश्लील हरकतें की और दुराचार का प्रयास किया और उसके अश्लील फोटो खींच लिए इसके बाद इन युवकों ने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए इस पर पीड़िता की मां ने पुलिस को नामजद तहरीर दी जिस पर पुलिस ने धारा 376 511 506 4 पास्को एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर लिया।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# वेटलिफ्टिंग करने से पहले जरूर करें ये स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज



कई लोगों को वेट ट्रेनिंग से पहले स्ट्रेचिंग करना गैर–जरूरी लगता है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। भारी वजन उठाने की वजह से कई बार चोट लग जाती है और दर्द और तनाव जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए मांसपेशियों को गरम करना बहुत जरूरी होता है। आइए आज आपको कुछ ऐसी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज बताते हैं, जो शरीर को जल्दी गरम करने में कारगर हैं और जिन्हें वेटलिफ्टिंग से पहले जरूर करना चाहिए।

बॉडीवेट स्क्वैट्स एक्सरसाइज

सबसे पहले दोनों पैरों को फैला लें। अब घुटनों को मोड़ते हुए कूल्हों को नीचे करते हुए चेस्ट को ऊपर और सीधा रखें। इस स्थिति में होते वक्त यह सुनिश्चित करें कि आपका वजन एडियों पर ही हो। कूल्हों को तब तक नीचे ही रखें जब तक कि जांघें जमीन के बराबर फ्लैट न हो जाएं। अब वापस से सीधे खड़े होने के लिए एड़ी के जरिए खुद को पुश करें। ऐसे ही तीन सेट 10 बार करें।

आर्म सर्कल एक्सरसाइज

सबसे पहले पैरों को एक साथ रखें और हाथों को बगल में सीधा रखकर खड़े हो जाएं। अब हाथों को आगे और ऊपर की ओर उठाएं और फिर कंधों के पीछे से लाते हुए वापस से पहले वाली स्थिति में आ जाएं। आपको हाथों को मोडे बिना उनसे 360 डिग्री का गोल चक्कर लगाना है। इसके लिए दोनों हाथों को एक साथ घुमाएं। कुछ देर बाद इसी तरह से उल्टी दिशा में हाथों को घुमाने की कोशिश करें।

हैमस्ट्रिंग स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज के लिए सबसे पहले एक स्टूल लें और उसके आगे एकदम सीधे खड़े हो जाएं, फिर बाएं पैर की एड़ी को स्टूल के ऊपर रख लें। अब बाएं हाथ को अपने बाएं पैर की उंगलियों तक पहुंचाएं। ऐसा करते वक्त पीठ को सीधा रखने की कोशिश करें और कूल्हों के पीछे हल्का स्ट्रेच महसूस करें। कुछ देर के लिए इसी अवस्था में रहें और फिर सामान्य हो जाएं। दोनों पैरों से 20–30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं।

रियर आर्म लॉक एक्सरसाइज

सबसे पहले दोनों पैरों को अलग करके खड़े हों। अब हाथों को पीछे करके अपनी उंगलियों को इंटरलॉक करें और कमर के बल आगे की ओर झुकें। इस स्थिति में करीब 10 से 15 सेकंड तक के लिए रुकें। इससे आपको कंधों पर स्ट्रेच महसूस होगा। अगर खिंचाव के दौरान उंगलियों को एक साथ रखने में परेशानी होती है तो बिना आगे की तरफ झुके इसे करने की कोशिश करें।

## नए साल की खुशहाल और स्वस्थ शुरुआत हुईः अतिदि शर्मा

नए साल की खुशहाल और स्वस्थ शुरुआत हुई है। यह पुराने गिले–शिकवों और बुरी यादों को भुलाकर जिंदगी में एक नया अध्याय शुरू करने का समय है। साल 2023 से बहुत ज्यादा उम्मीदें बंध गई हैं। रब से है दुआ में दुआ के रोल में नजर आ रहीं अदिति



शर्मा ने कहा मुझे अपनी सेहत और फिटनेस के लिए कुछ समय मिला, जो मैं काफी समय से करना चाहती थी, और मैं 2023 में भी इसे जारी रखूंगी। मेरे लिए नए साल का मतलब है अपने परिवार के साथ चलिटी टाइम बिताना, अच्छा खाना खाना, अपनी सेहत ख्याल रखना और कड़ी मेहनत करना। मीत में मीत हुड्डा की भूमिका निभा रहीं आशी सिंह बताती हैं मीत में लीप आने वाला है जिसमें एक बड़ा रोमांचक सीक्वेंस होगा, इसलिए मैं इस शो की शूटिंग करूंगी और मेरा कोई खास प्लान नहीं है। कुमकुम भाग्य में सिद्धार्थ के रोल में नजर आ रहे कुशाग्र नौटियाल ने कहा इस साल, मैं कोई संकल्प नहीं कर रहा हूं, मैं बस ढेर सारे प्यार और खुशी के साथ इस नए साल का आनंद लेना चाहता हूं। प्यार का पहला नाम राधा मोहन में राधा की भूमिका निभाने वालीं निहारिका रॉय ने कहा, मेरे दिल में इस साल की एक खास अहमियत है, क्योंकि इस साल मुझे राधा का रोल निभाने का मौका मिला और मुझे दर्शकों से भी बहुत प्यार मिला।






## सिद्धार्थ मल्होत्रा–कियारा आडवाणी 6 फरवरी को लेंगे सात फेरे



सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोडियों में से एक हैं। हाल ही में दोनों नए साल का जश्न मनाकर दुबई से लौटे हैं। कई दिनों से सिद्धार्थ और कियारा की शादी को लेकर अटकलें चल रही हैं। चर्चा है कि दोनों फरवरी में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इनकी शादी को लेकर तरह–तरह की रिपोर्ट्स आती रहती हैं।

सिद्धार्थ–कियारा की शादी को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही है। हालांकि, दोनों ने आधिकारिक रूप से अब तक कोई घोषणा नहीं की है। पिछले साल से ही कपल की शादी चर्चा में है। हालांकि, अब दोनों की शादी को लेकर तैयारियां शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों 6 फरवरी को सात फेरे लेंगे। इसके पहले धूमधाम से प्री–वेडिंग सेलिब्रेशन भी आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले दोनों की शादी पिछले साल दिसंबर में चंडीगढ़ में होने की बात सामने आई थी। हालांकि, अब जानकारी है कि दोनों फरवरी में जैसलमेर के एक महल में शादी करेंगे। सिद्धार्थ और कियारा जैसलमेर में जैसलमेर पैलेस होटल में शादी रचाएंगे। दोनों की प्री–वेडिंग फेस्टिविटी यानी कि हल्दी और संगीत जैसे कार्यक्रम भी इसी वेन्यू पर होंगे। शादी से पहले होटल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। समारोह से पहले सुरक्षकर्मी और बॉडीगार्ड्स वेन्यू पर भेजे जाएंगे।

रिपोर्ट्स की मानें तो जैसलमेर में दोनों की ग्रैंड वेडिंग होगी। 4 और 5 फरवरी को संगीत, मेहंदी और हल्दी की रस्में होंगी। इसके बाद 6 को शादी होगी। चर्चा है कि शादी की रस्में पंजाबी और सिंधी रीति–रिवाजों से होगी। सिद्धार्थ पंजाबी परिवार से आते हैं वहीं कियारा मुंबई की सिंधी परिवार की हैं। शादी के बाद दोनों फिल्म जगत के साथियों के लिए मुंबई में भव्य रिसेप्शन का आयोजन करेंगे। दोनों अपने बेहद करीब लोगों के बीच ही शादी की रस्में पूरी करेंगे। शादी में दोनों का परिवार मौजूद होगा। फिल्म जगत के लोगों के बात करें तो दोनों ने अपने करीबी लोगों को यहां आमंत्रित किया है। फिल्मी मेहमानों में करण जौहर, मनीष मल्होत्रा और अश्विनी यार्डी का नाम शामिल है। वहीं रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ जैसे सितारे भी शादी में शामिल हो सकते हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने फिल्म शेरशाह में साथ काम किया था। कहा जाता है कि इस के दौरान ही दोनों में नजदीकियां बढ़ीं। इसके बाद कॉफी विद करण में दोनों ने अपने रिलेशनशिप की पुष्टि की थी। दोनों अवॉर्ड फंक्शन से लेकर फिल्मी पार्टियों में अकसर साथ नजर आते हैं। दोनों की विदेश यात्रा की तस्वीरें, एयरपोर्ट लुक और शॉपिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर कई बार सामने आ चुकी हैं।

## अभिनेता ऋतिक रोशन ने 2023 की शुरुआत में दिखाए सिक्स पैक एब्स



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन की 2023 की पहली पोस्ट ने सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोरी हैं और सही कारणों से इंटरनेट पर कब्जा कर लिया है। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए अपने सिक्स–पैक एब्स और पूरी तरह से फिट बॉडी को दिखाया है। ऋतिक ने लिखा, ठीक है। चलते हैं। हैशटैग 2023।

जैसे ही उन्होंने तस्वीर साझा की, उनके दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ की। वरुण धवन ने टिप्पणी करते हुए कहा, ठीक है फिर। पुनीत मल्होत्रा ने लिखा, बूम! इसके बाद एक फायर इमोटिकॉन। पिछले महीने ऋतिक अपने बेटे रेहान और रिधान, गर्लफ्रेंड सबा आजाद और कजिन ईशान और पश्मीना के साथ फ्रांस में छुट्टियां मना रहे थे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, ऋतिक अगली बार दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म फाइटर में नजर आएंगे। उन्हें आखिरी बार पर्दे पर विक्रम वेधा में देखा गया था, जिसमें सैफ अली खान और राधिका आप्टे भी थे।

## बॉडी ऑयल बनाम लोशनः जानिए इनमें से किसे स्किन केयर रूटीन में शामिल करना है सही

त्वचा को मॉइस्चराइज करना स्किन केयर रूटीन के सबसे महत्वपूर्ण स्टेप्स में से एक है। इसके लिए ज्यादातर लोग बॉडी ऑयल और लोशन का इस्तेमाल करते हैं। ये दोनों ही प्रोडक्ट्स



त्वचा को मॉइस्चराइज कर सकते हैं, लेकिन इनमें काफी अंतर है। आइए आज जानते हैं कि बॉडी ऑयल और लोशन में क्या अंतर है और इनमें से किसे चुनना त्वचा के लिए ज्यादा बेहतर है।

बॉडी ऑयल के फायदे

बॉडी ऑयल्स त्वचा को हाइड्रेट रखते हुए इसमें प्राकृतिक नमी को लॉक कर सकते हैं। इन्हें बनाते समय कई वनस्पति तेल जैसे जोजोबा, जैतून, नारियल, आर्गन, बादाम और एवोकाडो ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है, जो त्वचा को गहराई से पोषण देने में मदद कर सकते हैं। बॉडी ऑयल्स सेल्युलाइट, स्ट्रेच मार्क्स और कई तरह के निशानों को कम करने में भी मदद कर सकते हैं। इसके साथ ही ये त्वचा को चमकदार बनाए रख सकते हैं।

लोशन से त्वचा को मिलने वाले लाभ

लोशन आवश्यक नमी के साथ–साथ त्वचा को पोषण देकर परतदार, खुजली और तंग त्वचा जैसी समस्याओं को दूर कर सकता है। बॉडी ऑयल को नहाने के बाद लगाना सबसे अच्छा माना जाता है, लेकिन लोशन को आप दिन में किसी भी समय अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं। हाइलूरोनिक एसिड, ग्लिसरीन, एलोवेरा, विटामिन ई और सेरामाइड युक्त लोशन त्वचा का हाइड्रेशन बढ़ाने में भी मदद कर सकता है।

बॉडी ऑयल और लोशन के बीच अंतर

बॉडी ऑयल्स को बनाते समय तरह–तरह के तेल और जड़ी–बूटियों का इस्तेमाल किया जाता है, जबकि लोशन बनाने के लिए पानी, तेल और क्लींजिंग तत्वों का उपयोग होता है। बॉडी ऑयल प्राकृतिक नमी को सील करने में मदद करता है और त्वचा के बाहरी हिस्से पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है, वहीं लोशन से त्वचा मॉइस्चराइज और मुलायम होती है। बॉडी ऑयल रूखी त्वचा के लिए बेहतरीन हैं, जबकि लोशन हर तरह की त्वचा के लिए उपयुक्त है।

दोनों में से किसका चयन करें?

बॉडी ऑयल और लोशन, दोनों को ही स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाया जा सकता है। हालांकि, अगर आपकी त्वचा काफी रूखे प्रकार की है तो बॉडी ऑयल का इस्तेमाल करना ज्यादा अच्छा है, वहीं सभी तरह की त्वचा पर लोशन लगाना भी सही है। बस हमेशा अपनी त्वचा की जरूरत को ध्यान में रखकर ही किसी लोशन का चयन करें।